हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार, 13 मई 2024

तापमान

अधिकतम 38 डिग्री

न्यूनतम 27 डिग्री



10 हाईटेक कार्यः आनलाइन सर्वर से जुड़ेगीं जिले की 311 सोसायटियां






# जिले के थानों में अब मुआवजा और बीमा राशि की जानकारी भी मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जिले के थानों में अब सड़क हादसों में मिलने वाली मुआवजा और बीमा राशि का तख्ता अब लटका मिलेगा।इसे लेकर एसपी जितेन्द्र शुल्ला ने सभी थाना व चौकी प्रभारियों को नर्दिशित किया है।इसके अलावा थानेदारों को अब हादसों में घायल या फिर मृतक के परिजनों को सहायता करना होगा। इस दौरान एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने तख्ती का विमोचन भी किया है। हिट एण्ड रन सोलेशियम योजना (अज्ञात वाहन होने पर) 1 अप्रैल 2022 से लागू मृतक के परिजन को 2 लाख रूपये, गंभीर घायल को 50 हजार रूपये आर्थिक सहायता मिलेगा। सहायता के लिए आवेदन की प्रक्रिया के तहत पीडित या मृतक के वैद्य परिजन के द्वारा सडक दुर्घटना में गंभीर घायल मृत्यु होने पर आवेदन तहसीलदार के समक्ष पेश करना होगा। हादसों में मौत होने पर जरूरी दस्तावेज थाना एफआईआर, पीएम रिपोर्ट, मृत्यु प्रमाण पत्र, खात्मा रिपोर्ट लगाना अनिवार्य है। गंभीर घायल होने पर जरूरी दस्तावेज थाना एफआईआर, एमएलसी, खात्मा जरुरी है। प्रकरण कायमी दिनांक से 6 माह के भीतर तहसीलदार के समक्ष दावा प्रस्तुत करना होगा। यदि किसी कारणवश प्रकरण 6 माह में प्रस्तुत न हो तो उचित कारण के साथ घटना दिनांक से 12 माह के अवधि के अंतर्गत दावा पेश किया जा सकता है। समय सीमा- प्रत्येक हिट एंड रन के प्रकरणों में विवेचक द्वारा 30 दिनो के भीतर न्यायालय विविध प्राधिकरण को सूचना देना अनिवार्य है।

## सड़क दुर्घटना में पीड़ितों को थानों में मिलेगी सुविधा



### 48 घंटे के भीतर पहली रिपोर्ट भरी जाएगी

सडक दुर्घटना के प्रकरण में 48 घंटे के भीतर पीडित या उसके के परिजन को जांचकर्ता अधिकारी के द्वारा प्रारूप 1 प्रथम दुर्घटना रिपोर्ट भरकर उपलब्ध कराया जाएगा। बीमा कंपनी को सूचना दी जाएगी। 10 दिन के भीतर- जांचकर्ता अधिकारी के द्वारा सड़क दुर्घटना के पीडित को प्रारूप 2 में उल्लेखित स्कीम का प्रवाह चार्ट विवरण पीडित व उसके वैद्य उत्तराधिकारी को 10 दिन के भीतर उपलब्ध कराएगें। 50 दिन के भीतर-जांचकर्ता अधिकारी के द्वारा सड़क दुर्घटना के पीडित को प्रारूप 5 में अंतरिम दुर्घटना रिपोर्ट पेश किया जाएगा। जांचकर्ता अधिकारी के द्वारा दुर्घटना के पीडित एवं वैध उत्तराधिकारी को 90 दिवस के भीतर प्रारूप 7 वस्तृत दुर्घटना रिपोर्ट की एक प्रति उपलब्ध कराना होगा।

## खबर संक्षेप

### धारदार हथियार से वार करने वाले दो युवक गिरफ्तार



**भिलाई।** धारदार हथियार से मारपीट करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवकों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 भादवि 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि संजय नगर सुपेला निवासी हेमन सेन 11 मई की शाम दुकान पर गुलशन श्रीवास और पीड़ित दोनो काम कर रहे थे। तभी कृष्णचंद निषाद और उसका बडा भाई चंद्रकात निषाद दोनो जोन के पास आकर गाली गलौच कर रहे थे। गाली गलौज का विरोध करने पर आरोपियों ने हाथ मुक्को से मारपीट करने लगे और अपने साथ लाए धारदार लोहे का ढाब से पीड़ित के गर्दन पर टिकाकर जान मारने की धमकी भी दे डाली। आरोपी चंद्रकांत निषाद पीड़ित के दोस्त गुलशन श्रीवास के साथ भी गाली गलौच कर मारपीट कर दिया। शिकायत के बाद पुलिस ने दोनों भाईयों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को पकड़ने के लिए सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी के निर्देशन में निरीक्षक ममता अली शर्मा ने टीम बनाकर आरोपियों को तुरंत ट्रेस कर लिया।

### वाहन की डिक्की से नकदी और सामान पार

भिलाई। खडे वाहन के डिक्की से सामान और नगदी पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 380 के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि बजरंगपारा निवासी आकाश सिंह जियो कंपनी रायपुर में टेक्निशियन के पद पर कार्यरत है। 8 मई की सुबह 7.30 बजे अपने दोस्त को छोड़ने रायपुर स्टेशन गया था। घर पर खड़ी वाहन की डिक्की से 60 हजार रुपए नगद,घड़ी, एक पर्स, स्टेट बैंक के दो एटीएम, आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पेन कार्ड , मोबाइल पार हो गया।

## 30 हजार से ज्यादा लोगों को मिलेगा पेयजल समस्या से छुटकारा

# टाउनशिप में 12 लाख गैलन क्षमता की बन रही 3 पानी टंकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

टाउनशिप इलाके में पेयजल समस्या को दुरूस्त करने की कवायद शुरू हो गई है। यहां तीन बड़े पानी टंकी का निर्माण बीएसपी ने शुरू करवाया है। तीनों पानी टंकी से करीब 12 लाख गैलन पेयजल की आपूर्ति की जाएगी। तीन सेक्टरों में रह रहे 30 हजार से ज्यादा लोगों को इस पानी टंकी बनने से लाभ मिलेगा। वर्तमान में यहां के सेक्टरवासियों को मरोदा सेक्टर स्थित जल घर से जोड़कर पानी की सप्लाई की जा रही है।

### पानी टंकी की क्षमता 4-4 लाख गैलन लीटर

बीएसपी द्वारा टाउनशिप एरिया में बनाई जा रही नई पानी टंकी की क्षमता 4 लाख गैलन लीटर की है। यानी तीन पानी टंकियों में 12 लाख गैलन लीटर पेयजल की सप्लाई फिर से शुरू हो सकेगी। पहले भी इतनी ही क्षमता की पानी टंकी बनी थी। बीएसपी द्वारा गुणवत्तापूर्ण तरीके से पानी टंकी का निर्माण करवाने के लिए सेंट्रल गर्वमेंट की एजेंसी को निर्माण का जिम्मा सौंपा गया है। एजेंसी मानकों के अनुरूप इसका निर्माण करने जा रही है।

### 40 हजार लोगों को पेयजल की आपूर्ति

सेक्टर 1, सेक्टर 3, सेक्टर 4 और सेक्टर 5 के रहवासियों को नई पानी टंकी से पेजयल की आपूर्ति की जा सकेगी। इन सेक्टरों में करीब 30 हजार लोग रहते हैं। इन लोगों को पेयजल की समस्या नई पानी टंकी निर्माण होने के बाद दूर की जा सकेगी। वर्तमान में मैत्रीबाग मरोदा सेक्टर स्थित जलसंशोधन संयंत्र से जोड़कर पानी सप्लाई की जा रही है।

**टाउनशिप क्षेत्र में इन तीन एरिया में निर्माण**





### 1 सेक्टर 4 में 8 महीने पहले ढह गई थी पानी टंकी

भिलाई सेक्टर 4 में सितंबर 2023 में बीएसपी की दो पानी टंकी भरभराकर गिर गई थी। इस पानी टंकी के ढ़हने सेक्टर 3 और सेक्टर 4 के लोगों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ा। यहां के लोगों को पानी देने बीएसपी ने मरोदा सेक्टर स्थित जल संशोधन संयंत्र से पाइप लाइन जोड़कर पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। इस जगह पर फिर से पानी टंकी का निर्माण शुरू किया गया है।



### 3 सेक्टर 5 में पुरानी के पास नई पानी टंकी

भिलाई सेक्टर 5 स्थित पुरानी पानी टंकी के पास ही नई पानी टंकी का निर्माण शुरू किया गया है। पुरानी टंकी को बीएसपी ने जर्जर घोषित कर दिया है। इसी के साथ ही सुरक्षा को देखते हुए पुरानी पानी टंकी से पेयजल की सप्लाई भी रोक दी गई है। यहां भी बीएसपी वैकल्पिक रूप से सेक्टरवासियों को पानी पहुंचा रही है। यह पानी टंकी भी 50 साल पुराना है। इसलिए इसके ढ़ह जाने का भी खतरा है। हालात को देखते हुए नई पानी टंकी बनाई जा रही है

### 2 सेक्टर 1 बीएसपी स्कूल ग्राउंड में बन रही पानी टंकी

भिलाई सेक्टर 1 में भी बीएसपी द्वारा नई पानी टंकी का निर्माण करवाया जा रहा है। बंद बीएसपी उच्चतर माध्यमिक शाला के ग्राउंड पर इसका निर्माण हो रहा है। यहां पर जो पानी टंकी है वह 50 साल से भी पुराना है। इसलिए बीएसपी ने इस पानी टंकी को डैमेज घोषित कर दिया है। इस पानी टंकी को सुरक्षा के लिहाज से नहीं भरा जा रहा है। यहां भी बीएसपी ने वैकल्पिक तौर पर पाइप लाइन जोड़कर वर्तमान में पेयजल की आपूर्ति कर रही है।

### 18 करोड़ का प्रोजेक्ट

कंडम घोषित पानी टंकी की जगह नई पानी टंकी बनाई जा रही है। इस कार्य में करीब 18 करोड़ रुपए खर्च अनुमानित है। पानी टंकी निर्माण के लिए ठेका एजेंसी को 9 महीने का समय दिया गया है। इस हिसाब से प्रभावित टाउनशिप के लोगों को इस साल के अंत तक नई पानी टंकी से पेयजल उपलब्ध हो सकता है। जून महीने के बीच में बारिश का सीजन शुरू हो जाएगी इससे भी निर्माण कार्य प्रभावित हो सकता है।



कंडम पानी टंकी

# महमरा एनीकेट में डूबने से युवक की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शिवनाथ नदी के महमरा एनीकट में डूबने से युवक की मौत हो गई। युवक को डूबते देखे जाने पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने एसडीआरएफ की टीम को बुलाया और खोजबीन करने के बाद युवक का शव नदी से बाहर निकाला। एसडीआरएफ के प्रभारी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि उन्हें डॉयल 112 से सूचना मिली थी कि युवक महमरा एनीकट में डूब गया है। टीम को मौके पर भेजा गया और खोजबीन शुरु की गई। एसडीआरएफ की टीम वोट और गोताखोर लेकर नदी में उतरी। डीप ड्राइविंग लगाने के बाद शव का पता चल पाया। शव का शिनाख्त राजीव नगर दुर्ग निवासी संतोष यादव के रूप में हुई है। शिनाख्त होने के बाद पुलिस ने भूपेंद्र के परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजनों ने बताया कि भूपेंद्र खुदकुशी नहीं कर सकता है। अब ये आत्महत्या है या दुर्घटना, हत्या पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। पुलिस ने शव को पीएम के लिए मरचूरी भेज दिया है। इस दौरान टीम प्रभारी ईश्वर खरे, विनय यादव, गोपी पाटिल, राजू महानंद, दिनेश चंद्राकर, ओंकार, आशीष सिन्हा, चंद्रप्रकाश, हबीब खान मौजूद थे।

## युवती ने आग लगाकर की आत्महत्या

**भिलाई।** एक युवती ने अपने घर में शरीर पर आग लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुची और शव का पंचनामा कर उसे पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया। मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया है। नंदिनी टीआई राजेश साहू ने बताया कि ग्राम गोढी निवासी विद्या श्रीवास 19 वर्ष शनिवार की शाम 4 बजे शरीर पर मिट्टी तेल उडेंल कर आग लगा ली। युवती की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के समय विद्या की चिख पुकार सुनकर आसपास के लोग पहुचे। लेकिन तब तक विद्या पूरी तरह जल चूकी थी। विद्या 12 वीं तक पढ़ी है दो साल से उसकी पढ़ाई बंद थी। पिता खेती किसानी और मजदूरी का काम करते हैं। शनिवार को विद्या की गां अपनी छोटी बेटी के साथ काम से बाहर गई थी। पिता भी काम पर निकल गए थे। भाई खेलने गया था। घटना के समय विद्या घर पर अकेली थी। जिन लोगों ने घर का दरवाजा तोड़कर विद्या को बाहर निकाला। उन्होंने देखा कि विद्या जली हुई हालत में घर के भीतर पड़ी मिली। उसे अस्पताल ले जाया गया जहा डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

7987328736, 7489348301

## आज व कल भी इसी तरह का रहेगा मौसम

# दिनभर भीषण गर्मी, शाम होते ही अंधड़ और बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मौसम ने रविवार को फिर से करवट बदली। पूरे दिन तेज धूप की वजह से भीषण गर्मी लोंगों ने झेली लेकिन शाम होते ही तेज हवा और हल्की बारिश होने लगी। देर रात तक आसमान में काले बादल छाए रहे और बूंदाबांदी होती रही। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दो दिनों यानी 13 और 14 अप्रैल को भी इसी तरह की स्थिति बनी रहेगी। जिसकी वजह से तापमान में कोई वि ष बदलाव नहीं आने वाला है।



### मौसम के तेवर नरम, पारा 3 डिग्री नीचे

मौसम के बदले हुए तेवर से तापमान भी नरम हो गया। रविवार को भिलाई दुर्ग सहित जिले का अधिकतम तापमान 38.6 डिग्री सेल्सियस रहा। यह सामान्य से 3.6 डिग्री सेल्सियस नीचे है। इसी तरह न्यूनतम तापमान में भी गिरावट आई है। न्यूनतम तापमान 24.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। यह भी 3.4 डिग्री सेल्सियस माइनस में रहा है।

### इस तरह द्रोणिका का असर

मौसम विभाग के मुताबिक एक द्रोणिका पश्चिम उत्तर प्रदेश से दक्षिणी असम तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका/हवा की अनियमित गति पूर्वी मध्य प्रदेश से कोमोरान क्षेत्र तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पूर्वी झारखंड के उपर स्थित है ।

### आज भी हल्की बारिश

मौसम विभाग के मुताबिक भिलाई दुर्ग सहित प्रदेश में 13 मई को कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की संभावना है । 13और 14 मई के अधिकतम तापमान में गिरावट होने के पश्चात 16 मई से लगातार अधिकतम तापमान में वृद्धि की संभावना बन रही है ।

# एचएससीएल आफिस में कोबरा कर्मचारियों में मचा हड़कम्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- घटना सेक्टर 1 स्थित आफिस का, स्नेकचर ने निकाला बाहर

मुर्गा चौक सेक्टर 1 स्थित एचएससीएल के आफिस में शुक्रवार देर शाम 7 फीट लंबा कोबरा सांप घुसने से कर्मचारियों में हडकंप मच गई। कोबरा के फुफकारने की आवाज कर्मियों ने सुनते ही होश उड गए। इस दौरान स्नेक कैचर को तुरंत बुलाया गया और रेस्क्यू कर कोबरा को जंगल में छोड़ा गया।

स्नेक कैचर राजेश महादेव के मुताबिक लोगों से सांप पर नजर बनाए रखने कहा था। कोई नाग को छेड़े ना और मारने की कोशिश ना बारे। राजेश 15 मिनट के भीतर मौके पर पहुंचा। ऑफिस के भीतर टेवल के नीचे काफी बड़ा कोबरा नाग बैठा हुआ था। ऑफिस के लोगों ने राजेश को बताया कि नाग लगभग 45 मिनट से एक ही जगह पर बैठा हुआ है। उसका फन काफी बड़ा है और फुफकार पूरे ऑफिस में गूंज रही थी।

राजेश ने तुरंत नाग को रेस्क्यू करने का काम शुरू किया। जैसे ही उसे बाहर लाने का प्रयास किया जाता तो तेजी से फुफकार रहा था। राजेश ने सावधानी पूर्वक उसे एक बड़े खाली कमरे में लाया। इसके बाद एक बड़े प्लास्टिक के डब्बे में उसे भरकर कैद किया। राजेश का कहना है कि वो इस सांप को जंगल में ले जाकर छोड़ेगा। राजेश ने बताया कि यह दुर्लभ प्रजाति का कोबरा नारा है। इस प्रजाति के नागों की संख्या काफी कम है।

**आवश्यक सूचना**

हरिभूमि

पाठक पुरस्कार योजना

के सम्माननीय विजेताओं से आग्रह है कि अपना उपहार हरिभूमि कार्यालय भिलाई में संपर्क कर प्राप्त कर लेवें।

उपहार प्राप्त करने अपने आधार कार्ड की फोटोकापी, मासिक बिल और पावती ( ग्राहक प्रति), साथ में लावें।

उपहार प्राप्त करनें का समय
सोमवार से शनिवार, सुबह 11 से शाम 5 बजे तक

स्थान : हरिभूमि जिला कार्यालय
सतीश टॉवर, प्रथम तल, कमला मेडिकल के पास, सुपेला भिलाई
मो. 7987328736

## खबर संक्षेप

### प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने में अब आएगी तेजी

दुर्ग। बिजली मीटरों को प्री पेड स्मार्ट मीटर में बदलना है। रायपुर-बिलासपुर जिले में इसका काम भी शुरू हो गया था। दुर्ग, जांजगीर-चांपा जिले में भी इसको लेकर शासकीय विभागों को पुराना बकाया बिजली बिल भरने डिवीजन आफिस से चिट्ठी जारी कर दी गई थी। लेकिन चुनावी आचार संहिता के चलते इसमें एक तरह से ब्रेक लग गया है। बहरहाल लोकसभा चुनाव संपन्न हो चुके हैं। आगामी दोनों मतगणना के बाद आचार संहिता शून्य होते ही स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया में तेजी आएगी। गौरतलब है कि बिजली मीटरों में बड़ा बदलाव होने वाला है। मोबाइल की तरह रिचार्ज होने वाले बिजली मीटर लगेंगे। हालांकि पहले शासकीय विभागों में ही ये प्री पेड मीटर लगेंगे। इसके बाद शहरी क्षेत्रों में इसे लागू करने की तैयारी है। इसको लेकर स्थानीय स्तर पर ही शासकीय विभागों को जो बिजली बिल बकाया है, उसे भरने नोटिस जारी किया गया है ताकि जितना भी शासकीय विभागों में बिजली बिल बकाया है वह जमा हो जाए। इसके बाद नए सिरे से प्री पेड मीटर के जरिए भुगतान हो। यह तभी संभव होगा जब एक भी बकाया न हो।

### टावर में चढ़े युवक को उतारा

भिलाई। टावर में चढ़े युवक को पुलिस ने समझा बुजाकर नीचे उतार लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक सेक्टर 8 में लगे मोबाइल टावर में लक्की टंडन नामक युवक चढ़ गया था। उसके चढ़ने चढ़ने की खबर से टावर के पास आसपास के लोगों की जमकर भीड़ हो गई थी।किसी तरह लक्की को एसडीआरएफ और पुलिस जवानों ने किसी तरह उतार लिया। बताया जा रहा है कि लक्की शराब के नशे में था अचानक टावर नमें चढ़ गया।

# संसदीय क्षेत्र की 9 सीटों से अब तक 3130 डाक मतपत्र मिले, सेवा मतदाता 4 तक जमा

## सेवा मतदाता डाक मतपत्र 4 जून की सुबह 6.30 बजे तक जमा होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

लोकसभा निर्वाचन 2024 में संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 07 दुर्ग के अंतर्गत निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात मतदाताओं, दिव्यांग, 85 प्लस मतादाताओं एवं अनिवार्य सेवा में तैनात मतदाताओं का मतदान डाक मतपत्र के माध्यम से संपन्न हुआ है। जिसमें दुर्ग संसदीय क्षेत्र के 9 सीटों से अब तक 3130 डाक मात्र प्राप्त हुए हैं। हालाकि सेवा मतदाता डाक मत पत्र आगामी 4 जून की सुबह 6:30 तक जमा होंगे।

संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 07 दुर्ग में मुख्य जिला दुर्ग एवं परिक्षेत्र जिला बेमेतरा शामिल है। डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान दुर्ग एवं बेमेतरा जिला में संपन्न हुआ, जिसमें निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात मतदाताओं हेतु सुविधा केन्द्र के माध्यम से जिला दुर्ग में 1995 एवं जिला बेमेतरा में 359 कुल 2354 डाकमत प्राप्त हुआ। विशेष गठित मतदान दल द्वारा दिव्यांग, वृद्ध (85 प्लस) मतदाता के लिये उनके घर पहुंचकर डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराया गया, इस श्रेणी में जिला दुर्ग में 305 एवं जिला बेमेतरा में 13 डाकमत प्राप्त हुआ है। अपर कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी डाक मतपत्र श्री दशरथ राजपूत से प्राप्त जानकारी अनुसार भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अनिवार्य सेवा के मतदाताओं को अतिरिक्त सुविधा प्रदान करते हुए उन मतदाताओं को पोस्टल वोटिंग सेंटर (पीवीसी) से मतदान कराया गया। पीवीसी से जिला दुर्ग में 05 व जिला बेमेतरा में 10 डाक मतपत्र प्राप्त हुआ।

**खास बातें**

- 4 जून को एक साथ होगी डाकमत पत्रों की गणना
- मतगणना की तैयारी में जुटा जिला निर्वाचन आयोग

### डाक मत पत्र किया गया सील

अब केवल सेवा मतदाताओं से प्राप्त ईटीपीबीएस के माध्यम से डाक मतपत्र मतगणना तिथि 4 जून 2024 को सुबह 6.30 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। अब तक संसदीय क्षेत्र 07 दुर्ग अंतर्गत सभी श्रेणी से कुल 3130 डाक मतपत्र प्राप्त हुये हैं। प्राप्त डाक मतपत्रों को जिला कोषालय दुर्ग स्थित डाकमत के स्ट्रांग रूम में अभ्यर्थी, उनके प्रतिनिधि के उपस्थिति में सील बंद पेटियों में जमा किया जाता है।




### स्ट्रांग रूम में होगी मतगणना

दुर्ग संसदीय क्षेत्र के 9 सीटों के लिए अब तक डाकमत पत्रों की मतगणना आगामी 4 जून को शंकराचार्य कॉलेज स्ट्रांग रूम में किया जाएगा। जिला उप निर्वाचन अधिकारी बजरंग दुबे ने बताया कि, डाक मत पत्र सभी नौ सीटो का प्राप्त हो चुका है। उन्होंने बताया कि, आगामी 4 जून को शंकरा कॉलेज में मतगणना कराया जाएगा। बहरहाल सेवा मतदाताओं का डाक मत पत्र के आने का सिलसिला आगामी 4 जून तक जारी रहेगा।

## केन्द्र सरकार के सहकारिता मंत्रालय ने दिए राज्य शासन को निर्देश

# हाईटेक कार्यः आनलाइन सर्वर से जुड़ेंगी जिले की 311 सोसायटियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक को सहकारिता मंत्रालय द्वारा आनलाइन किए जाने की तैयारी की जा रही है। अब तक सोसायटियों में हो रहे मैन्युअल कार्य को समाप्त कर अब आनलाइन कार्य किया जाएगा। इस प्रणाली से अब सोसायटियों में कर्ज घोटाले और अनियमितताओ पर लगाम लगेगा।

उल्लेखनीय हैं कि, बैंकिंग सेक्टर में आनलाइन कार्य हो रहे है, लेकिन सोसायटियों के अस्तित्व में आने के बाद भी यहां मैन्युअल कार्य हो रहे है। जिसके चलते किसानों को दिए जाने वाले कर्ज में धांधली की लगातार शिकायते सामने आते रही है। किसानों द्वारा कर्ज भुगतान करने के बाद भी उसे मैन्युअल उल्लेख नही किए जाने के मामले आते रहे है। लेकिन अब कर्ज देने और कर्ज अदायगी के पहले सिस्टम में आनलाइन एंट्री करनी होगी। जिसके बाद सोसायटियों के लेनदेन में पारदर्शिता आएगी। बहरहाल दुर्ग के 87 बालोद के 122 और बेमेतरा के 102 समितियों को आनलाइन सर्वर से जोडने की तैयारी की




### सहकारिता मंत्रालय की पहल

भारत सरकार किसानों को सुविधा प्रदान करने सभी सहकारी समितियों को इंटरनेट कनेक्टिविटी से जोड़ने के अलावा बायोमिट्रिक डिवाइस प्रदान कर रही है। जिसमें सॉफ्टवेयर के जरिए मैदानी क्षेत्र से लेकर गांव के किसानों को भारत सरकार की योजनाओं और समिति से मिलने वाली सुविधाओं की सीधी जानकारी ऑनलाइन मिलने लगेगी।

### अब सीधे पहुंचेगी समितियों में जानकारी

पहले केन्द्र सरकार द्वारा किसानों के हित में जारी किए निर्देश और योजनाएं दिल्ली स्थित मंत्रालय से राज्य सरकार के पास फिर ब्रांच व नोडल अधिकारी के माध्यम से सहकारी समितियों तक पहुंचती थी। हाइटेक इंटरनेट कनेक्टिविटी से भारत सरकार की योजनाएं अब सीधे समितियों तक पहुंचेगी। लेकिन अब सेंट्रल सर्वर में सभी समितियों और ब्रांच व मुख्यालय के जुडे होने से जानकारी एक साथ मिल जाएगी।

### खाद भंडारण और आवंटन की केन्द्र से मॉनिटरिंग

समितियों के ऑनलाइन इंटरनेट कनेक्टिविटी से किसी भी समिति में किसानों द्वारा की गई कोई भी मांग सीधे केन्द्र सरकार के संबंधित मंत्रालय तक पहुंचेगी। खाद व अन्य सामान की आपूर्ति, मांग की जानकारी सीधे केन्द्र के पास पहुंच जाएगी। वर्तमान में किसी भी समिति में खाद की कमी होने पर इसकी मांग सहकारी समिति द्वारा विपणन शाखा में की जाती है। फिर यहां से राज्य सरकार के पास पहुंचती है। लेकिन अब ऑनलाइन कनेक्टिविटी से खाद की मांग सहित अन्य जानकारी सीधे केन्द्र सरकार के पास पहुंचेगी।

### चल रही तैयारी

सहकारिता मंत्रालय के निर्देश पर सोसायटियों को आनलाइन सर्वर से जोडने का कार्य शुरू किया जाएगा। इससे किसानों को फायदा मिलेगा।

\- ह्देश शर्मा
प्रभारी सीईओ, जिला सहकारी बैंक दुर्ग

# करोड़ो की लागत से बनी सड़क से झांकने लगी हैं अब गिट्टियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

गंज चौक से शिवनाथ नदी तक बनाए गए सडक को गिट्टियां महज छः माह में ही झांकने लग गई है। विधानसभा चुनाव के पहले करोडों रूपए खर्च कर कराए गए कार्य को लेकर अब सवाल उठने लगे है। ठेकेदार द्वारा किए गए इस घटिया निर्माण के चलते एक नही बल्कि आधा दर्जन जगह पर गिट्टियां झांकने लगी है। जबकि अभी सडक के किनारे लैंडस्कैपिंग सहित अन्य कार्य बाकी है। उल्लेखनीय हैं कि, विधानसभा चुनाव नंबर माह में हुआ है। इसके पहले ही निगम द्वारा ठेका देकर आपाधापी में सडक निर्माध कराया गया। गंज चौक से शिवनाथ नदी तक बनी यह सडक शहर के लिए बेहद अहम है। शिवनाथ नदी सडक से ही यहां हर साल मेले के लिए लोग दूर दूर से आते है। यही नहीं महमरा एनीकट को आगामी दिनों लक्ष्मण झूला बनाने के साथ ही डेव्लप करने की तैयारी है। लेकिन इस घटिया निर्माण ने ठेकेदार और निगम के जिम्मेदारी अफसरा पर सवाल खडे कर दिए है।



### बारिश से पहले ऐसा हाल

विधानसभा चुनाव के पहले बने यह सडक बारिश से भी नही गुजरा है। आगामी दिनों बारिश सीजन है। लेकिन इससे पहले ही सडक महज वाहनों के चलने से कमजोर होने लगी है। मौके पर स्पष्ट तोर पर सडक से गिट्टियां निकली दिख रही है। ठेकेदार द्वारा यहां सीमेंट का पर्याप्त उपयोग नही किया गया है।

### बगैर मॉनिटरिंग हुए थे काम

विधानसभा चुनाव के पहले सड़क चौड़ीकरण आपाधापी के बीच कराया गया था। काम को तेजी से करने के चक्कर में ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा गया। यही कारण है कि चौड़ीकरण कार्य पूरा हुए बिना ही उखड़ने की स्थिति बन गई है। गंज चौक से शिवनाथ नदी तक बनने वाले इस कार्य को लेकर निर्माण के दौरान मॉनिटरिंग नहीं होने की शिकायत हुई थी।

# होनहार छात्रों का किया गया सम्मान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

9 मई 2024 घोषित सीजी बोर्ड रिजल्ट, 10वीं, 12वीं में बेहतर प्रदर्शन करते ग्राम डुंडेरा के केशव महिपाल कोचिंग क्लासेस के स्टूडेंट्स जिनका सम्मान ग्रामीण सम्मानित बुजुर्गों, नारी शक्तियों, एवं कोचिंग शिक्षा संस्थान के संचालक एवं शिक्षामित्र केशव महिपाल एवं स्टाफ द्वारा होनहार छात्र-छात्राओं के माथे पर तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर तथा गिफ्ट के साथ सम्मान प्रदान कर सम्मान किया गया।

कक्षा 10वीं में 92.5% (गणित में 95%अंक, हेल्थ केयर में 98 अंक, हिंदी में 93, इंग्लिश में 90, विज्ञान में 84, सामाजिक विज्ञान में 95% अंक लाकर) सागर कुमार पिता रामेश्वर लाल सोनकर, संगीता सोनकर ने प्रथम स्थान प्राप्त कर डुंडेरा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं अपने माता-पिता गुरु, शिक्षा संस्थान और गांव का नाम रौशन किया है। वही कक्षा 12वीं में ओवर ऑल संकाय के कॉमर्स से 84.8% प्रतिशत लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किये हैं। कक्षा 10वीं में द्वितीय स्थान कुमारी विना कोसरे 90.16% लाकर प्राप्त किया, कु.उर्वशी साहू 88.50%, आरती साहू 87%, कुबेर साहू 86.83%, नतिन निषाद 83.8% प्राप्त, दामिनी देवांगन 80.3% एवं वीणा निषाद 80.16% इस प्रकार कोचिंग के सभी होनहार छात्र-छात्राओं द्वारा बेहतर रिजल्ट प्राप्त किए हैं।

# भर्ती के लिए वित्त विभाग से लेनी होगी मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शासकीय विभागों को नई भर्ती प्रक्रिया शुरू करने से पहले वित्त विभाग से अनुमति लेनी होगी। इसके दायरे से छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी)के जरिए की जाने वाली सीधी भर्ती के रिक्त पदों और अनुकंपा नियुक्ति के पदों को शामिल नहीं किया गया है। वर्तमान में स्कूल शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों में भर्ती प्रक्रिया शुरू होनी थी। अब इन विभागों को वित्त विभाग से अनुमति लेनी होगी।

- अनुकंपा नियुक्ति पर लागू नहीं है नियम

यह जरूर है कि जिन पदों के लिए विज्ञापन जारी हो चुके हैं, उसमें भर्तियों पर रोक नहीं लगाई गई है। इस संबंध में वित्त विभाग ने सभी विभागों के साथ-साथ राजस्व मंडल के अध्यक्षों, संभागीय आयुक्तों, सभी विभागाध्यक्षों और कलेक्टरों के लिए गाइड-लाइन जारी कर दी है। इसमें रिक्त पदों में भर्तियों के लिए विभागीय अनुमति प्राप्त करने का निर्देश जारी किया गया है। इसके साथ ही वित्तीय वर्ष 2024-25 से छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली संयुक्त राज्य सेवा परीक्षा में शामिल पदों को छोड़कर, विभागों में राज्य लोक सेवा आयोग के माध्यम से भरे जाने वाले अन्य पदों पर भर्ती शुरू करने के पूर्व वित्त विभाग की अनुमति आवश्यक की गई है। शासकीय विभागों में भर्ती नियम में बदलाव को लेकर सामान्य प्रशासन विभाग ने भी गाइडलाइन जारी की है। इसमें इस बात को लेकर नाराजगी जताई गई है कि शासकीय विभाग सामान्य प्रशासन विभाग की अनुमति के बिना भर्ती नियमों में बदलाव कर रहे हैं।

इसकी वजह से भर्ती प्रक्रिया कोर्ट में लंबित हो रही है। सामान्य विभाग ने इस संबंध में सभी विभागों को कड़ा निर्देश जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि भर्ती नियम में बदलाव से पहले भारसाधक मंत्री का अनुमोदन लेने के बाद अभिमत के लिए सामान्य प्रशासन विभाग के नियम शाखा को भेजा जाए। इसके अलावा विधि विभाग से भी सलाह ली जाए। इसके बाद ही भर्ती नियमों में बदलाव किया जाए।

# सेवानिवृत्ति पर कला शिक्षकों ने दी भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान अछोटी दुर्ग के कला शिक्षा प्रभारी व्याख्याता बी.व्ही. आर. मूर्ति की सेवानिवृत्ति पर बालोद और दुर्ग जिले के कला शिक्षकों ने सन पब्लिक स्कूल चंदखुरी दुर्ग के सभागार में उत्साहपूर्वक विदाई समारोह का आयोजन किया। प्रारंभ में बी.ही.आर.मूर्ति और कला शिक्षकों द्वारा मां सरस्वती की ताम्र प्रतिमा पर माल्यार्पण, धूप-दीप प्रज्वलित कर प्रतिभा त्रिपाठी द्वारा सरस्वती वंदना, अजय वर्मा द्वारा गुरु वंदना व राज गीत लखेश्वर साहू द्वारा प्रस्तुत किया गया। क्रमशः सेवानिवृत्त व्याख्याता बी. व्ही.आर. मूर्ति सहित उपस्थित अतिथियों एच.एस.वर्मा पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी व डायरेक्टर सन पब्लिक स्कूल चंदखुरी, आर.एल. ठाकुर संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग, मंजू पसीने सेवानिवृत प्राचार्य डाइट अछोटी दुर्ग सहित जिले के वरिष्ठ प्राचार्यों का कला शिक्षकों द्वारा पुष्प कुछ भेंट कर स्वागत किया गया । श्री मूर्ति के सानिध्य में किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए देवेन्द्र कुमार बंछोर, राम कुमार वर्मा, द्रोण कुमार सार्वा,

- नवाचारों में सहभागिता के अनुभव को किया गया साझा



पुष्पा चौधरी बालोद ने शिक्षा के साथ स्थानीय संस्कृति को जोड़ने कला के विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण लेने,शैक्षिक नवाचारों में सहभागिता के अनुभव को व्यक्त करते हुए कहा गया कि उन्हें इस दिशा में काफी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है। इस जिले के शिक्षकों में उत्साह का संचार होने के साथ ही स्कूली शिक्षा में छतत्तीसगढ़ी भाषा, लोक साहित्य और विलुप्त होती कला विधओं को समृद्ध करने की दिशा में सक्रिय कार्य किया है। इसमें आगे भी सतत मार्गदर्शन देने की आग्रह किया गया। समारोह में नरोत्तम साहू, अजय वर्मा ने भावपूर्ण गुरु वंदना एवं सुगम संगीत भजनों से समारोह को सांगीतिक बनाया। अतिथि संबोधन क्रम में वरिष्ठ प्राचार्य अरविंद कुमार तिवारी व जिला शिक्षा अधिकारी के.व्ही राव, श्रीमती मंजुलता पसीने ने श्री मूर्ति सर के कार्यों के प्रति निष्ठा और दुर्ग जिला कला शिक्षा को बढ़ावा देने के प्रयासों की खुली प्रशंसा की। विशिष्ट अतिथि के रुप में पधारे एच.एस. वर्मा सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी व डायरेक्टर सन पब्लिक स्कूल चंदखुरी ने श्री मूर्ति द्वारा डाइट खैरागढ़ में किए गए कार्यों व दुर्ग जिले के स्कूलों में शैक्षिक योजनाओं, कला शिक्षा के क्षेत्र में लगन से किए गए कार्यों का उल्लेख कर निरंतर आगे भी कार्य करते रहने की अपील की।

अति विशिष्ट अतिथि आर.एल. ठाकुर संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग ने श्री मूर्ति के साथ शासकीय कार्यों, शैक्षिक योजनाओं को जमिनी स्तर पर लागू करने, शिक्षा के साथ स्थानीय कला संस्कृति को जोड़ने के महत्वपूर्ण कार्यों, जिले के शैक्षिक विकास की योजनाएं बनाने का उल्लेख कर आगे भी निरंतर शिक्षकों का सहयोग करने की अपील की। संस्थान के डायरेक्टर एच.एस.वर्मा व आर.एल. ठाकुर द्वारा श्रीफल, शाला व पुष्प गुच्छ भेंट कर श्री मूर्ति का संयुक्त रुप से सम्मान किया गया। इस अवसर पर पारुल चतुर्वेदी द्वारा लोकगीत प्रस्तुत किया गया। वहीं कला शिक्षकों द्वारा क्षेत्रीय व लोकप्रिय फिल्मी गीतों का गायन कर समारोह को उत्साहजनक बनाया गया। मुख्य अतिथि बी.व्हीआर. मूर्ति द्वारा अपने उद्गार प्रस्तुति के क्रम में दुर्ग जिला के स्कूली शिक्षा के साथ ही कला के क्षेत्र में किए गए कार्यों, छत्तीसगढ़ी व्याकरण लेखन, पाठ्यक्रम में छत्तीसगढ़ी पाठों को शामिल करने सहित अन्य बाल केंद्रित क्रियाकलापों को लागू करने में जिले के शिक्षकों के सहयोग की प्रशंसा कर आगे भी काम करते रहने की प्रेरणा दी गई । समारोह में कला शिक्षकों द्वारा सेवानिवृत्त व्याख्याता श्री मूर्ति सर को शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह, भेंट की सामग्रियां व मोहित शर्मा द्वारा सम्मान पत्र देकर सम्मान किया गया।

समारोह में उनकी धर्मपत्नी, दोनों बेटियां, सहपाठी, मित्रजन और जिले के वरिष्ठ प्राचार्य जे.पी.श्याम,आर. के. टिकरिहा, जे. मनोहरण, डाइट अछोटी की व्याख्याता वंदना सिंह, नीलम दुबे, एस.एस.धुरंधर, आर.के.चंद्रवंशी सहित कला शिक्षक ललित बिजौरा, वरुण निषाद, गिरधर देवांगन, नंदनी देशमुख, मिलिंद चंद्रा खिलेश्वर दिल्लीवार, नरोत्तम साहू, संगीता चंद्राकर, जागेश्वरी वर्मा, खोमीन वर्मा, अजय वर्मा, शैलेंद्र शर्मा, सहित स्थानीय शाला के अकादमी सदस्य उपस्थित रहे। समारोह का संयोजन लालेश्वर साहू, संगीता चंद्राकर, संचालन मोहित शर्मा व समापन में आभार प्रदर्शन सेवानिवृत्त प्राध्यापक परसराम साहू ने किया।

## साल बीतने के बाद भी फरियादियों को नहीं मिली राशि

# चिटफंड की सवा लाख अर्जियां डंप, 2 साल बाद भी सुनवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

दो साल पहले लंबी कतारों में खडे होकर चिटफंड के जाल में फंसे सवा लाख से अधिक पीडितों ने प्रशासन को अर्जियां दी थी। उन्हें इस बात की उम्मीद थी कि आवेदन देने के बाद जल्द ही राशि मिल जाएगी। लेकिन यहां जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ऐसे चिटफंड कंपनी की कुंडली ही नही खंगाल पाई है। जिसके कारण उनके संपत्ति का आंकलन नही कर पाने के कारण अब तक कुर्की की कार्यवाही नही हो सकी है। लिहाजा दो साल बीतने के बाद भी पीड़ितों को मासूसी हाथ लगी है।

- निवेशको से 2022 में ब्लॉकों से लिए गए थे आवेदन



उल्लेखनीय है कि, जिलेभर से ब्लाको के जरिए आवेदन लिया गया था। इस दौरान जिले से सवा लाख से अधिक आवेदन आए थे। इसकी जानकारी ऑनलाइन दर्ज करते करते प्रशासन के पसीने छूट गए थे। बहरहाल आवेदन लेने के बाद प्रशासन द्वारा क्या कार्यवाही की गई। यह अब तक सार्वजनिक नही हो सका है। पीडितो द्वारा आवेदन किए जाने के बाद इस बात की पुष्टि हो गई कि, कितनी कंपनियों ने जिले के लोगों को ठगा है। लेकिन इस जानकारी के सामने आने के बाद भी न तो जिला प्रशासन और न ही पुलिस प्रशासन संपत्तियों को खोज पाई है। यही कारण है कि, चिटफंड कंपनियो के संपत्तियों की कुर्की प्रक्रिया अटकी हुई है।

### यश ड्रीम की 42 करोड़ में हुई थी नीलामी

पिछले साल सितंबर माह में यश ड्रीम की संपत्ति जिला प्रशासन द्वारा नीलाम की गई थी। नीलामी से प्रशासन को इस दौरान करीब 42 करोड रुपए प्राप्त हुए थे। करोड़ों रुपए की राशि प्राप्त होने के बाद भी जिला प्रशासन द्वारा निवेशकों को राशि वापस अब तक नहीं की गई है। प्रशासन के समक्ष सवा लाख अर्जी आने के बाद भी एक भी प्रकरण कोर्ट में सुनवाई के लिए दर्ज नही कराया गया है। इधर चिटफंड संचालको की गिरफ्तारी भी नही हो पाई है।

### इन कंपनियों की होनी थी कुर्की

तत्कालीन अपर कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना ने कंपनी टोगो रिटेल मार्केटिंग कंपनी लिमिटेड, टोगो स्वास्थ्य एवं जन कल्याण संस्थान एवं सहयोगी कंपनी बामची केमिकल्स लिमिटेड, बेसिल इंटरनेशनल लिमिटेड, निक्सिल फार्मसिटीकल लिमिटेड, जैगपालीमर्स कंपनी लिमिटेड, मिलानी टेक्नो इंजीनियरिंग लिमिटेड, जियो साईन माईन्स-2, मेटल्स कंपनी लिमिटेड एवं पेट्रान मिनिरल्स एवं माइन्स लिमिटेड की संपत्ति कुर्क करने का प्रस्ताव तैयार किया था। लेकिन अब तक इन कंपनी की संपत्ति कुर्क नही हो पाई है।

# केजरीवाल की जमानत की खुशी, बंटी मिठाइयां



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को जमानत मिलने पर रविवार की शाम 5:30 बजे वार्ड नंबर 56 मे भगवान भोलेनाथ के मंदिर मे भोग लगा कर मिठाई वितरण किया गया। आप सभी सम्मानित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता इस दौरान उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आम आदमी पार्टी के सुमित शर्मा, दीपक गुप्ता, छम्मन देवांगन, बलदेव साहू, नरेश वर्मा, रवि सोनी, एवं अन्य कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत महोत्सव 17 से

**अंडा।** प्रदेश कार्यकारिणी कि बैठक रुपेश देशमुख के निवास पर बैठक हुआ तीन दिवसीय 17 , 18 एवं 19 मई को स्व रामचंद देशमुख प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत महोत्सव कार्यक्रम स्थल ग्राम निकुम पुरानी बस्ती जिला दुर्ग में लोककला के संरक्षण, संवर्धन व प्रदर्शन के उद्देश्य से आयोजित नाचा महोत्सव किया जा रहा है नाचा गम्मत, जिसमें हमारे क्षेत्र के प्रसिद्ध कलाकारों के द्वारा अपनी हास्य अदाकारी, उनके भावपक्ष, नाचा पार्टी का उद्देश्य हमारे मानव समाज में निहित विभिन्न बुराइयों के प्रति के लिए, आगे आने के लिए प्रोत्साहित करती है। यह सिर्फ मनोरंजन का साधनना होकर हमारी संस्कृति के साथ साथ समाज में विभिन्न बुराइयों के ऊपर कटाक्ष करने का माध्यम है। आगे कहा कि नाचा गम्मत धरोहर को सहेजने के लिए, हमारी आने वाली पीढी तक पहुंचाने के लिए हमारे युवा वर्ग आज परस्पर सामने आकर ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करा रहे हैं, जो निश्चित ही हमारे आने वाले भविष्य के लिए बहुत अच्छा साबित होगा। बैठक में पद्मश्री डोमार सिंह नाचा संघ अध्यक्ष रंजीत चक्रधारी, सचिव ध्रुव साहू,संरक्षक रूपेश देशमुख, माखन साहू निरंजन नागवंशी पंचराम धनकर पवन धनकर सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### वेदान्त ने 92.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किया

**सेलूद।** पाटन ब्लाक के अंतर्गत आने वाले दीपशिखा विद्यालय के दसवी बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित



किया गया। जिसमें वेदान्त वर्मा पिता श्री तोरण वर्मा ने 92-8 प्रतिशत पाकर उत्तीर्ण हुई है । स्कूल के प्राचार्य ने बताया कि वेदान्त वर्मा पढाई के साथ साथ खेलकुद डांस ड्राइंग सहित सभी विभागों में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहता है ।शाला स्टाफ के साथ साथ जयश्री वर्मा दिलिप बंछोर नारद वर्मा श्यामू वर्मा ममता वर्मा आदि ने बधाई दी।

## निधन

### दुर्गा साहू

**भिलाई।** सिर्राभाठा ( हल्दी) निवासी दुर्गा साहू 95 वर्ष पति स्व.



गोविंद साहू का रविवार को सुबह न्यू आदर्श नगर दुर्ग में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम सिर्राभाठा में किया गया। वे बलदाऊ राम साहू, रूप सिंह साहू, लाल राम साहू, टीकाराम साहू की मां थीं।

## समस्या : निकुम जल प्रदाय योजना में 21 करोड़ किया गया है खर्च

# कई महीने से सिर्फ शो पीस साबित हो रही है गांवों में बनी पानी टंकी

दिलीप साहू ▸▸| निकुम

फरवरी से मार्च लगते ही वाटर लेबल डाउन लगातार हो रहा है। मई के आग उगल रही 43 डिग्री तापमान के तपिश भरी गर्मी ने पानी को मानो पाताल लोक पहुंचा दिया है, जिसके कारण गांव देहात में भी पेयजल संकट गहराता जा रहा है। वहीं गांव में लगे हैण्डपंप, बोर भी दम तोड़ रहे हैं और ग्राम पीचई विभाग दुर्ग द्वारा लगभग 21 करोड़ लाख की लागत से निकुम जल प्रदाय योजना अंतगर्त 23 गांवो में हर घर जल पहुंचाने की मानो सिर्फ कागजों पर चल रही है। नल जल टंकी पानी शुध्द पेयजल आपूर्ति घरों घर लगी नल से पानी तो दूर हवा भी नही निकल रही है ,घरो में लगे नल जल सिर्फ कागजो में 'ाोभा बढ़ा रहे है वह 23 ग्रामो के ग्रामीणों के लिए सिर्फ सफेद हाथी साबित हो रहा है। पेयजल संकट को लेकर अधिकारियों व क्षेत्रीय पूर्व विधायक मंत्री ताम्रमध्वज साहू को पत्र देकर गुहार लगाई, लेकिन जिम्मेदारों को अपने एसीनुमा कमरे से निकलने की फुर्सत मिले तो बेबस ग्रामीणों की सुध लेवे।वही सत्ता व सरकार भी बदल गई लेकिन पीएचई विभाग में बीते लंबे समय से पैठ जमाये कई अधिकारी कर्मचारीयो कि सर्जरी भी नही हुआ। वहीं लगातार विधानसभा व लोकसभा चुनाव में आचार संहिता लगने के जिम्मेदार पदों पर बैठे विभागीय अधिकारियों की मानो बल्ले बल्ले



हो गई। पानी की किल्लत के कारण कई लोग कर्ज कर बोर कराने मजबूर हो गये, क्योकि कई गांवों में महिलाएं रतजगा कर पानी भरने मजबूर है, निकुम क्षेत्र में खरखरा मोंहदीपाठ नहर नाली से विधायक ललित चन्द्राकर के प्रयास से ग्रामीणों को तालाब में निस्तारी पानी मिला नही तो क्षेत्र के लिए गंभीर समस्या बन जाती। वहीं जल जीवन मिशन योजना में ग्राम पंचायत का निर्माण कार्य हाथ नही होने से जनप्रतिनिधि भी मौनव्रत कर लिए हैं।

### 23 गांवों की प्यास बुझेगी शिवनाथ नदी की जल से

मिली विभागीय जानकारी के अनुसार दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में निकुम जल प्रदाय योजना के अंतगर्त लगभग 21 करोड़ की लागत से 23 गांव अंजोरा, थनौद, रुदा, खाड़ा, भोथली, तिरगा, आलबरस, चंगोरी, चिंगरी, आमटी, विनायकपुर, मासाभाट सहित 23 गांवो में शिवनाथ नदी से पानी चंगोरी इंटकवेल सिस्टम लगेगा,वहीं बिरेझर में पानी फिल्टर होकर थनौद में बनी एमबीआर से 23 गांवो में पानी गांव गांव में बने पानी टंकी में सप्लाई होगा। वहीं अक्टूबर 2023 में कार्य का श्रीगणेश कर कार्य चल रहा है और विभागीय निष्क्रियता के कारण ठेकेदार मनमानी रवैये से काम कर रहे हैं। घरो में नल पोस्ट जरुर बनाये गये, लेकिन पानी तो दूर हवा भी नही निकल रहा हैं, जिसके कारण ग्रामीण जनता बेहद परेशान है।

### निकुम में जर्जर पानी टंकी दे रही दुर्घटना को निमंत्रण, नही हुआ डिस्मेंटल

ग्राम पंचायत निकुम के सामने बस स्टैड के पास बीते 25 वर्ष पहले बनी पानी टंकी जर्जर हो गयी है, दशक भर से पानी सप्लाई बंद है, वहीं ऊपरी सिरा टूट गया है, ग्राम पंचायत ने जाली तार व एंगल से बेरिकेट किया लेकिन कई लोग बेरिकेट को पार कर जाते है, जिससे कभी भी दुर्घटना हो सकती है।

### निमार्ण कार्य चल रहा है

“ निमार्ण कार्य तेजी से चल रहा है, 8 से 10 महीने में कार्य पूर्ण होने पर निकुम जल प्रदाय योजना से गांव-गांव में पानी सप्लाई शुरु हो जायेगी।

उत्कर्ष पांडे,
ईई पीएचई दुर्ग

## स्कूलों में चित्रकला और निबंध प्रतियोगिता का किया आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा

दुर्ग जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसार दुर्ग रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा विभिन्न स्कूलों को प्राप्त हुए आदेश के आधार पर और उनसे प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसार हमारे स्कूल शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कोडिया में विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर कीपिंग ह्यूमैनिटी अलाइव थीम पर विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया गया जिसमें हमारे स्कूल के विद्यार्थियों और शिक्षकों के द्वारा बढ़ चढ़कर अपनी सहभागिता प्रदान की गई विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर इस महत्वपूर्ण दिन को और महत्वपूर्ण बनाया गया जिसमें संस्था के प्राचार्य नीलमणि उज्जवने वरिष्ठ व्याख्याता भवानी सिंह देशमुख रेड क्रॉस प्रभारी दानेश्वरी सिंहा और स्कूल के सभी शिक्षकों शीला चंद्रा



डॉक्टर रूपमती साहू प्रीतम देवांगन वेदिका साहू डॉ सरोज साहू रीना पिलोदिया हर्षा महलवार प्रीति सलाम समीर भेलवा वीरेंद्र गजपाल टी एन साहू हिरेंद्र साहू मनोज एवम सुनीता साहू ने अपनी सहभागिता प्रदान कर कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर विद्यालय स्तर पर चित्रकला प्रतियोगिता और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था और कुछ वृद्ध जनों के घर जाकर उनको रेड क्रॉस के बच्चों द्वारा फल वितरण कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी लेते हुए उन्हें गर्मी के दिनों में खासकर अपने आप का कैसे ध्यान रखना है।

- विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर कीपिंग ह्यूमैनिटी अलाइव थीम पर विभिन्न गतिविधियों का किया गया संचालन

## स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का होता है वासः मंजू वर्मा



हरिभूमि न्यूज ▸▸| सेलूद

प्रिज्म पब्लिक स्कूल, बाजार चौक उतई, में आयोजित 10 दिवसीय समर कैंप का समापन स्कूल प्रांगण में किया गया। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि मंजू वर्मा, सरपंच ग्राम खोपली एवं विशिष्ट अतिथि फत्ते लाल वर्मा, पूर्व सरपंच एवं अध्यक्ष भाजपा उतई मण्डल उपस्थित रहे। जिन्होंने बच्चों के सांस्कृतिक और शारीरिक गतिविधि की प्रस्तुति पर बच्चों को सराहा और कहा कि बच्चे देश का भविष्य है और इनमें शारीरिक और मानसिक विकास बहुत जरूरी है इसलिए समर कैंप जैसे आयोजन बच्चों की प्रतिभा को निखारने में काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वर्मा ने समारोह में उपस्थित बच्चों और पालकों को संबोधित करते हुए इस बात पर जोर दिया कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है इसलिए किशोर अवस्था में बच्चों के खान पान के साथ उनके शारिरिक गतिविधियों पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित प्रिज्म पब्लिक स्कूल महकाखुर्द के प्राचार्य श्री डुमेश कुमार देवांगन ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया एवं वरिष्ठ शिक्षिका अंजू शर्मा ने बच्चों को साल भर स्कूल में होने वाले विभिन्न गतिविधियों और साइंस ओलंपियाड जैसे प्रतियोगी परीक्षाओं भाग लेने को कहा जिससे बच्चे भविष्य में आने वाले परीक्षाओं के लिए खुद को तैयार कर सके। ज्ञात हो कि विगत दस दिनों से संचालित समर कैंप में कक्षा 1 से 8 तक के 40 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। स्कूल की शिक्षिका लोकरूचि सिन्हा ने बताया कि इन दस दिनों में बच्चों को वर्ली आर्ट, ब्रेन बूस्टिंग, ड्राइंग, पेंटिंग, डांसिंग,जुंबा-एरोबिक्स, सेल्फ डिफेंस, योगा, कुकिंग विदाउट फायर,वेजिटेबल पेंटिंग , सीनरी आर्ट के बारे में प्रशिक्षण दिया गया जिसमे स्कूल के शिक्षकों के साथ विशेषज्ञों को भी प्रशिक्षण हेतु आमंत्रित किया गया था। बच्चों द्वारा तैयार कलाकृतियों की प्रदर्शनी ने सभी पालको का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया।

- प्रिज्म पब्लिक स्कूल में 10 दिवसीय समर कैंप का समापन

## उतई नगर साहू समाज के किशोर अध्यक्ष व खूबीराम बने उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▸▸| उतई

नगर साहू समाज उतई के पदाधिकारियों का चुनाव रविवार को संपन्न हुआ। सर्वप्रथम समाज के सदस्यो के द्वारा कर्मा माता की पूजा अर्चना किया गया। उसके पश्चात तहसील अध्यक्ष पुसाउ राम साहू, तहसील महामंत्री उमाशंकर साहू, परिक्षेत्रीय अध्यक्ष खिलावन साहू, नगर अध्यक्ष सुमंत साहू, सचिव रोहित साहू सहित समाज से आए अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया। साहु समाज उतई के संरक्षक खुमान साहू, तुलाराम साहू, लखन लाल साहू, का स्वागत सम्मान किया गया। उसके पश्चात चुनाव की प्रक्रिया आरंभ किया गया, जिसमे चुनाव संयोजक युवा प्रकोष्ठ सुमंत साहू के द्वारा मतदाता सूची बनाकर जारी किया गया। साहू समाज के चुनाव में पूर्व समाज अध्यक्ष सुमंत साहु,पूर्व उपाध्यक्ष किशोर साहु ने अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी किया। उपाध्यक्ष पद के लिए सह संयोजक ऋषि साहु और प्रचार सचिव खुबीराम साहु ने दावेदारी किया। महिला उपाध्यक्ष सुनीति साहू निर्विरोध उपाध्यक्ष चुनी गई। मतदान लोकतांत्रिक पद्धति से किया गया। जिसमे अध्यक्ष किशोर साहू, उपाध्यक्ष खुबीराम साहू निर्वाचित हुआ। निर्वाचन की प्रक्रिया में मुख्य रूप से ओपी साहू, गिरीश साहू, सुमंत साहू ने निर्वाहन किया। इस कार्यक्रम में डिकेंद्र हिरवानी, बृजमोहन साहू, रोहित साहू, ऋषि साहू,भावेश साहू, द्वारिका साहू, सुमरन साहू, तुलाराम साहू,बिरेंद्र साहू, गोरखनाथ साहू, कुशाल आदि उपस्थित थे।



## अक्ती पर्व पर बच्चों ने रचाया पुतरा-पुतरी का विवाह





हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा

हिन्दू धर्म में हर तीज त्योहार और व्रत का विशेष महत्व है। उन्हीं में से एक है अक्षय तृतीया अक्ती का पर्व। ग्रामीण क्षेत्र में अक्ती पर्व विशेष रूप से मनाया गया। गली मोहल्ले में मंगल गीत गाते हुए बच्चों के साथ महिलाएं निकली इसके बाद डीजे, धमाल के साथ पुतरा पुतरी का शादी कराया गया। दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के ग्राम चिंगरी में महावीर मंदिर के पास महिला, बच्चों ने गुड्डा-गुड्डी ,पुतरा-पुतरी का विवाह रचाने की परंपरा का निर्वहन काफी उत्साह के साथ किया गया। गुरुवार की सुबह ही सर्वप्रथम पेपर व कलर पेन से बच्चों ने आकर्षक निमंत्रण शादी कार्ड बनाकर इंटरनेट मीडिया के माध्यम से अपने करीबी रिश्तेदार,दोस्तों को निमंत्रण भेज शामिल होने का आग्रह किया। कार्यक्रम में रात में चूलमाटी, मेहंदी की रस्म पूरा की गई। इसके बाद दस मई अक्षय तृतीया को सुबह देवतला, चिकट, हरिद्रालेपन के साथ बारात का स्वागत किया गया। एक साथ नाश्ता में करी लड्डू, जलेबी व खीर पुड़ी सब्जी भोजन कर विदाई दी गई।

- अक्षय तृतीया पर्व धूमधाम से मनाई गई

## बिजनेस साइट

# ओम ज्वेलर्स में ग्राहकों का मिल रहा अच्छा प्रतिसाद

**भिलाई।** दुर्ग शहर के हृदय स्थल ओम ज्वेलर्स शॉप नंबर 64 भी इंदिरा मार्केट दुर्ग अपनी डिजाइन व और वैरायटी के सुप्रसिद्ध स्थान है एवं टोटल हॉल मार्क जेवर 18 कैरेट, 20 कैरेट, 22 कैरेट न्यूनतम मजदूरी के साथ अपने ग्राहकों को प्रदान किया जाता है। ओम ज्वेलर्स अपने ग्राहकों के अनुरूप जेवर, नग, मीना, कुंदन के आलावा सिम्पल लेटेस्ट वैरायटी जैसे मंगलसूत्र, नकलेस, रानी हार, झुमके, एरिंग, फैंसी लॉकेट, चैन के अन टच माल सीधा ग्राहकों को दिया जाता है। वहीं चांदी में पायल, बिछिया, करधन मूर्ति की हजारों वैरायटी की भरपूर रेंज 100 प्रतिशत वापसी के साथ जेवर उपलब्ध है। हर 10 ग्राम खरीदी पर निश्चित कुछ ना कुछ गिफ्ट आइटम अपने ग्राहकों को प्रदान की जाती है। ओम ज्वेलर्स अपने ग्राहकों को टोटल शुद्ध हॉलमार्क के गहने प्रदान करता है। वहीं पुराने गहनों की भी अच्छी दाम में वापसी लेता है। ग्राहकों कि विश्वनीयता वर्षों से कायम है। नए-नए ग्राहकों जो ओम ज्वेलर्स से जुड़ रहे हैं वो निःसंकोच सरकार द्वारा प्रमाणित huid हॉलमार्क के गहने खरीद सकते हैं जो शत-प्रतिशत खरी है। शादी में दुल्हनों के लिए एक से एक बढ़िया सोने, चांदी के लेटेस्ट कलेक्शन गहनों का विशाल श्रृंखला है देखने को मिलता है। हमेशा ही लेटेस्ट व फ्रेश डिजाइन सीधा ग्राहकों को प्रदान की जाती है। श्री सोनी ने बताया जहां पहले नये जगह सोना, चांदी लेने में डर लगा रहता था लोगों में शुद्धता को लेकर संशय बना रहा था वहीं अब हॉलमार्क गहने के आने से ग्राहकों में खरीददारी बढ़ी है। 22 कैरेट/20 कैरेट एवं 18 कैरेट हॉलमार्क ज़ेवर करैट सरकार के द्वारा निर्धारित गहने बेचे जा रहे हैं जिससे ग्राहकों की भीड़ का अच्छा रिस्पॉन्स देखने को मिल रहा है। पुराने जेवरों की तत्काल रिपेरिंग सुविधा है साथ ही सोने की मंगलसूत्र गुथायी फ्री सेवा उपलब्ध है।




### महंत लीलाधर दास का प्रवचन 15 से

**अंडा।** विश्व वंदनीय सद्गुरु कबीर साहब स्वरूप पंथ श्री हुजूर प्रकाशमुनिनाम साहेब आचार्य कबीर पंथ धर्मनगर दामाखेड़ा की कृपा प्राप्त महंत लीलाधर दास साहेब अहिवारा आश्रम अपने संत मंडलीय के साथ दिनांक 15 से 21 मई तक असाम राज्य के हुजई, डिब्रूगढ़ क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न जिलों में सद्गुरु कबीर साहब की वाणी वचनों का प्रचार प्रसार करेंगे। महंत लीलाधर दास साहेब जी निरंतर कबीर पंथ की प्रचार प्रसार में सदैव लगा रहता है। महंत लीलाधर दास जी की मार्गदर्शन में अहिवारा आश्रम का संचालन किया जा रहा है वहां प्रति माह पूर्णिमा के दिन सत्संग भजन चौका आरती भोजन भंडारा का आयोजन किया जाता है। महंत लीलाधर दास जी की प्रयास से अहिवारा नगर एवं आसपास गांवों के कबीरपंथी समाज को एकजुट करने का लगातार प्रयास किया जाता रहा है। महंत लीलाधर दास साहेब विगत आठ वर्षों से बांधवगढ़ दर्शन यात्रा का भी आयोजन करते हैं जिसमें दामाखेड़ा, रतनपुर, कुधूरमाल, अमरकंटक, बांधवगढ़, मंडला, कबीर धाम, धमधा वंश गुरूवो का दर्शन एवं चौका आरती महायज्ञ व भोजन भंडारा सत्संग का आयोजन करवाते हैं।

## घुघसीडीह स्कूल में समर कैंप का समापन

**उतई।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला घासीदास नगर घुघसीडीह में समर कैंप का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस समर क्लास में सभी बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और हमारे स्कूल के शिक्षकों के द्वारा विभिन्न प्रकार के आर्ट एंड क्राफ्ट से संबंधित चीजे बच्चो को सिखाई गई और अंत में समस्त बनाई गई चीजों की प्रदर्शनी लगाई। इस दौरान शाला परिवार की ओर से संस्था प्रमुख मोनिका राम एवं समस्त शिक्षकों में गीतांजलि चंद्राकर, गोवर्धन प्रसाद चंद्रवंशी, मधुकांता कोर्राम एवं विजयलक्ष्मी चंद्राकर और सफाई कर्मी इंदु बाई सम्मिलित थी।



Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD|मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चने दानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
Maa Ad.
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर Online परामर्श उपलब्ध दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना ।प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756 , 9303508133

## खबर संक्षेप

### डिजिटल डॉटा के लिए आज से वकील करेंगे आवेदन

**दुर्ग।** जिला अधिवक्ता संघ द्वारा पंजीयन संबंधी व्यक्तिगत विवरण को डिजिटल किया जा रहा हैं डिजिटल हेतु व्यक्तिगत विवरण संबंधी प्रारूप दुर्ग सदस्यता क्रमांक 17 से सदस्यता क्रमांक-500 तक संघ के सभागार में -13 मई सोमवार को दोपहर 12:30 बजे से शाम 5 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं। जिला अधिवक्ता संघ के महासचिव रविशंकर ने बताया कि 17 मई तक फार्म जमा करना है। साथ ही प्रारूप जमा करने से पहले अपना मासिक सदस्यता शुल्क जुलाई 2024 तक का जमा कर देवें ताकि आपका व्यक्तिगत विवरण संधी प्रारूप जमा लिया जा सकें।

### शिवनाथ एनीकट में बच्चों का खेल, भारी पड़ सकती है लापरवाही



**भिलाई।** शिवनाथ नदी एनीकट दुर्ग में पालकों और पुलिस की लापरवाही भारी पड़ सकती है। नदी में नहाने के लिए दुर्ग भिलाई के बच्चे अपनी जान जोखिम में डालकर नहाने जा रहे हैं। इस दौरान घट पर पालक मौजूद होते हैं और न ही पुलिस के जवान ही गंभीर हैं। गर्मी की छुट्टियां लगते ही ट्विनसिटी के किशोरवय बच्चे दोपाहिया से ग्रुप में नहाने के लिए शिवनाथ एनीकट नहाने के लिए जा रहे हैं। बच्चे मस्ती से नदी में तैरते हुए एक दूसरे को पकड़ने और खाली बोतल को पहले छूने जैसे खेल भी खेलते हैं। तैरते हुए वे गहरे पानी तक भी जा रहे हैं। इनमें कुछ बच्चे मात्र 12,14 साल के हैं। कुछ ठीक से तैरना नहीं जानते हैं। कुछ बच्चे नदी के महमरा साइट में ऊपर सीढ़ी के बुर्ज से तेजी से नीचे कूद रहे हैं। इनमें महमरा गांव की लड़कियां भी होती है। सहेलियां कूदने की आपस में शर्त भी लगा रही है। नदी में आए बड़े लोगों ने बताया कि बच्चों की मस्ती से नहाने के दौरान उनके पालकों को बच्चों के नदीं जाने की जानकारी नहीं होती है। घाट पर हमेशा पुलिस के जवान नहीं होते हैं। एक दो जवान शिवमंदिर यानी श्मशान घाट साइट में दूर बेखबर बैठे होते हैं।

# खुशनुमा मौसम में मैत्रीबाग में बढ़ी पर्यटकों की आमद, आकर्षक जानवरों की जरुरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मैत्रीबाग चिड़ियाघर में नए जानवरों और पक्षियों की दरकार है। लंबे समय से आकर्षक जानवरों के नहीं आने से पर्यटकों को निराश होना पड़ रहा है। देश अन्य जू से नए देशी विदेशी और खूबसूरत वन्य प्राणियों को लाए जाने से सैलानियों के साथ आय भी बढ़ेगी।

पिछले महीनेभर से बदली, पानी के मौसम के चलते मैत्रीबाग में पर्यटकों की आवक बढ़ गई है। बीच बीच में हल्की धूप और बारिश की फुहारों के खुशनुमा मौसम का लुत्फ उठाने भिलाई दुर्ग के अलावा आसपास के गांवों व कस्बों से भी लोग यहां प्रकृति का नजारा लेने आ रहे हैं। इनमें बच्चों के साथ युवा और महिलाएं भी खासी हैं। लेकिन कई लोगों को निराश होना पड़ रहा है। इसकी वजह मैत्रीबाग चिड़ियाघर में वन्य प्राणियों की तादाद निरंतर कम होती जा रही है। अधिकतर जानवर और पक्षी वृद्ध हो चुके हैं और कई एनक्लोजर या कैज खाली हैं। बीते वर्षों में जिस तादाद में वन्य प्राणियों की प्राकृतिक मौत हो हुई है, उस अनुपात में इनकी जगह नए जानवर और वन्य प्राणी अन्य जू से यहां नहीं लाए गए हैं। दस साल बाद महीनेभर पहले जंगल सफारी रायपुर से हुए एक जोड़ा सफेद शेर का एक्सचें किया गया और कुछ हिरणों की अदला बदली हुई। लेकिन पिछले कई साल से यहां अन्य चिड़ियाघरों से देशी विदेशी जानवर और पक्षी व जलचर नहीं लाए जाने से मैत्रीबाग की रौनक कम हो रही है। पर्यटकों ने बताया कि मैत्रीबाग प्रदेश का सबसे बड़ा जू है। आकर्षक देशी विदेशी वन्य प्राणियों की आमद से रौन के साथ आय भी बढ़ेगी।

### उम्रदराज और सिंगल वन्य प्राणियों से सिमट रहा कुनबा



#### वृद्ध हो चुके हैं वन्य प्राणी

पचास साल पुराने मैत्रीबाग में बीस साल के दौरान वन्य प्राणियों की तादाद आधी रह गई है। कई बूढ़े हो चुके हैं। कई जानवर और परिंदों का जोड़ा नहीं है। इनके मरने के बाद कैज खाली हो जाएंगे। जू में एकमात्र लायन, दो भालू, एक तेंदुआ, दो लकड़बग्घे, 2 लोमड़ी आदि बूढ़े हो चुके हैं। इसी तरह कई पक्षी भी सिंगल बचे हैं। एडजूटेंड स्टार्क, सारस, कड़कनाथ मुर्गा सिंगल व बूढ़े हैं। मैत्रीबाग में सौ से अधिक हिरण, 7 वाइट टाइगर और तीस से अधिक सांभर यहां की रौनक हैं। पर्यटकों ने बताया कि बच्चे वही पुराने जानवर देखकर बोर हो चुके हैं। खूबसूरत और चंचल वन्य प्राणियों को लाने से मैत्रीबाग की पुरानी लौट आएगी।

## हजारों लोग देते हैं वोट लेकिन बुनियादी सुविधाओं से हैं दूर

# आधी सदी बाद भी चमचमाते टाउनशिप की मलीन बस्तियों का विकास अधर में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

वर्षों बाद भी नीट एंड क्लीन बीएसपी टाउनशिप की मलीन बस्तियां विकास को लेकर अधर में लटकी हुई हैं। चुनाव दर चुनाव. लुभावनी वादों के साथ कई सरकारों के बदलने के बाद भी इन आधा दर्जन से अधिक झुग्गी बस्तियों की तस्वीर नहीं बदली है। इस मामले में भिलाई और रिसाली नगर निगम और बीएसपी के साथ जन प्रतिनिधि भी उदासीन बने हुए हैं।

चमचमाते टाउनशिप में पिछले चालीस पचास साल से श्रमिक बस्तियों को उपेक्षा का दंश झेलना पड़ रहा है। विभिन्न सेक्टरों में आधा दर्जन झुग्गी बस्तियां हैं, जो बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रही हैं। इस दौरान प्रदेश में सभी प्रमुख दलों की सरकारें रहीं, साडा के बाद भिलाई और रिसाली नगर निगम में तक कई नगर सरकारें रहीं। साठ साल से सभी सुविधाओं, संसाधनों और बजट से लैस बीएसपी भी सक्रिय है। कई जन प्रतिनिधियों ने भी टाउनशिप और पटरीपार इलाके में करोड़ों का विकास करवाया। टाउनशिप की इन बस्तियों के हजारों लोग सभी दलों के प्रत्याशियों को लुभावने वादों और अपील पर हर चुनाव में वे वोट भी देते हैं। लेकिन सालों बाद भी उपेक्षा से रहवासियों को समस्याओं के बजबजाने से नारकीय जीवन बिताना पड़ रहा है। टाउनशिप के निर्माण के साथ बसतीं गई श्रमिक बस्तियों को पचास साल बाद इनका बुनियादी सुविधाओं क साथ विकास किया गया है और न ही बीएसपी की जमीन से अन्यत्र कहीं व्यवस्थापित ही किया गया जा सका है। इस कारण पानी, बिजली, सफाई, प्रसाधन, सड़क आदि सुविधाएं सामान्य कालोनी की तरह अपडेट नहीं की जा रही हैं। इसकी वजह निगम व बीएसपी के रिकार्ड में ये अवैध बस्तियां हैं।

### बारिश में जलभराव और बजबजाती है गंदगी




#### वोट देने के बाद भी विकास नहीं

टाउनशिप में सेक्टर 7 भिलाई नगर स्टेशन झुग्गी बस्ती, ई मार्केट तेलुगू पारा, सेक्टर 4 उड़िया बस्ती, रुआबांधा श्रमिक बस्ती, मड़ौदा बस्ती सहित आधा दर्जन बस्तियां हैं। यहां झुग्गी और कच्चे मकान ही हैं। सबसे अधिक 60 साल पुरानी बस्ती सेक्टर 7 स्टेशन बस्ती है। यह रेलवे व बीएसपी की जमीन पर काबिज है। कई लोग एक बत्ती कनेक्शन व लालटेन में गुजारा करने मजबूर हैं। अन्य बस्तियां भी अवैध होने के कारण बुनियादी सुविधाएं बदहाल हैं। बारिश में जलभराव, गंदगी, कच्ची गलियों, प्रसाधन की समस्या से जूझ रही हैं। सालों से लोग नारकीय जीवन बिता रहे हैं । रहवासियों ने बताया कि वर्षों से सभी दलों को वोट देने और विकास के वादों के बाद भी बस्तियों का कायाकल्प किया गया है और न ही अन्य बसाया ही गया है। अधिकतर लोग पीएम आवास से भी वंचित हैं।

#### नारकीय जीवन जी रहे

सभी बस्तियों में हजारों लोग निवासरत हैं। इनमें मजदूर, खोमचेवाले, हमाल, दुकानों में काम करने वाले, आटो व रिक्शे वाले,मैकेनिक व इलेक्ट्रिशियन आदि रोज कमाने वाले रहते हैं। अधिकतर महिलाएं बीएसपी कर्मियों व साहबों के घरों में झाड़ू पोंछा व खाना बनाने का काम करती हैं। रहवासियों ने बताया कि बोरिंग व सार्वजनिक नल तथा कहीं कहीं स्ट्रील लाइट हैं। नियमित सफाई नहीं होती। हमारे घरों के सामने सभी बुनियादी सुविधाओं से युक्त बीएसपी के क्वार्टर हैं। लेकिन हमें सालों बाद भी सुविधाओं से वंचित झुग्गी व कच्चे मकानों में रहना पड़ रहा है। बीएसपी अवैध बताकर सुविधाएं नहीं देती और निगम छिटपुट सहूलियत देकर इतिश्री कर रहा है। आखिर नारकीय जीवन कब तक गुजारेंगे।

## एफबीडब्ल्यूपी से 16 रेक भेजे गए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- वित्त वर्ष 2024-25 में साबरमती वेल्डिंग प्लांट से 260 मीटर रेल पैनल के 4 रेक रेलवे को रवाना

सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने व वित्त वर्ष 2024-25 में साबरमती स्थित अपने फ्लेश बट वेल्डिंग प्लांट (एफबीडब्ल्यूपी) से 260 मीटर वेल्डेड रेल पैनल के अब तक 4 रेक भारतीय रेलवे को भेजे हैं। इसके अंतर्गत अप्रैल में भेजे गए दो रेक और मई में अब तक भेजे गए दो रेक शामिल हैं। पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 में एफबीडब्ल्यूपी, साबरमती से 260 मीटर वेल्डेड रेल पैनल के 12 रेक भारतीय रेलवे को भेजे गए थे। वर्तमान वित्तीय वर्ष में भेजे गए चार रेक मिलाकर अब तक एफबीडब्ल्यूपी, साबरमती से भारतीय रेलवे को कुल 16 रेक भेजा गया है। उल्लेखनीय है कि भिलाई इस्पात संयंत्र और सेल की रिसर्च विंग रांची आरडीसीआईएस की कई टीमों ने साबरमती में एफबीडब्ल्यूपी को प्रारंभ करने के लिए कई चुनौतियों का सामना किया। सेल की मार्केटिंग विंग, सीएमओ ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साबरमती प्लांट से 260 मीटर वेल्डेड रेल पैनल की पहली रेक 6 नवंबर 2023 को भेजी गई थी।

### लांग रेल वृद्धि में मदद

एफबीडब्ल्यूपी, साबरमती में वेल्डिंग के लिए इनपुट रेल की आपूर्ति बीएसपी के रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल से 26 मीटर लंबाई में की जा रही है। साबरमती स्थित एफबीडब्ल्यूपी के उपयोग से भिलाई इस्पात संयंत्र को 260 मीटर लांग रेल की आपूर्ति की बढ़ाने में मदद मिली है। भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी श्री अनिर्बान दासगुप्ता और संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने साबरमती वेल्डिंग प्लांट के प्रचालन और मेंटेनेंस की पूरी टीम को बधाई दी है।

## सेलूद में संत शिरोमणी सेन की जयंती कल

**सेलूद।** सेलूद परिक्षेत्र एवं पाटन ब्लाक सेन समाज के तत्वावधान में श्री सेन महराज जयंती एवं सम्मान समारोह 14 मई को सुबह 10 बजे से ग्राम सेलूद के बाजार चौक में मनाया जायेगा। इस कार्यक्रम में सेन महराज की फोटो की पूजा अर्चना के साथ सेन समाज के प्रतिभावान लोगों को सम्मानित किया जायेगा ।

# बिना तथ्यों को जाने की जा रही बयानबाजी फर्जीः सांसद विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



- पीएमश्री योजना अंतर्गत चयनित किसी भी शाला का नाम परिवर्तित नहीं होगा

सांसद और दुर्ग लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल ने स्वामी अत्मानंद स्कूलों के नाम बदलने को लेकर फैलाए जा रहे झूठ के लिए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को आड़े हाथों लिया और कहा है बिना तथ्यों को जाने की जा रही बयानबाजी फर्जी आदमी की फर्जी बातें हैं। सांसद विजय बघेल ने स्पष्ट किया कि पीएमश्री योजना अंतर्गत चयनित किसी भी शाला का नाम परिवर्तित नहीं होगा, चयनित विद्यालयों के इस योजना में शामिल हो जाने से केन्द्र सरकार से अतिरिक्त आर्थिक एवं तकनीकी सुविधाएँ प्राप्त होंगीं।

भाजपा सांसद श्री बघेल ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली छत्तीसगढ़ सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना को लेकर कांग्रेस एक बार फिर 'प्रलाप-मोड' पर आ गई है। कांग्रेस इस योजना को लेकर तरह-तरह के झूठ फैलाकर प्रदेश की जनता को भ्रमित करने की नाकाम कोशिशों में जुटी है। जिस कांग्रेस ने साधु-संतों पर गोलियाँ बरसाने और हर मौके पर उन्हें अपमानित करने में जरा भी शर्म महसूस नहीं की, आज वह कांग्रेस साधु-संतों के नाम पर घृणित राजनीति कर रही है जबकि आत्मानंद स्कूलों के लिए एक रुपए का बजट प्रावधान नहीं करके भूपेश सरकार ने खुद स्वामी आत्मानंदजी का घोर अपमान करने काम किया था, जबकि केंद्र सरकार ने पीएमश्री योजना के तहत आगामी पाँच वर्षों के लिए 27 हजार करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया है। श्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस शासनकाल में खोले गए स्वामी आत्मानंद स्कूलों की दुर्दशा, अव्यवस्था से पूरा प्रदेश वाकिफ है। अब प्रदेश की भाजपा सरकार शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिहाज से अनुकरणीय पहल कर रही है तो कांग्रेस के लोग प्रलाप कर रहे हैं। दरअसल जब भी विकास और शिक्षा के उन्नयन की बात होती है, कांग्रेस भयभीत नजर आने लगती है क्योंकि जहाँ-जहाँ शिक्षा का स्तर बढेगा, कांग्रेस खत्म होती जाएगी, जहाँ-जहाँ गरीबी हटेगी, कांग्रेस समाप्त होगी।भाजपा सांसद श्री बघेल ने कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार ने किसी भी अपनी योजना-घोषणा के लिए कोई बजट प्रावधान नहीं किया और इधर-उधर की मदों के पैसों से योजना चलाते रहे और छत्तीसगढ़ को 91 हजार करोड़ रुपए के कर्ज के दलदल में धँसा दिया और एक भी इन्फ्रास्ट्रक्चर के काम नहीं किए। आज झूठ परोसकर जिस पीएमश्री योजना को लेकर भूपेश बघेल प्रलाप कर रहे हैं, दरअसल उस योजना के तहत केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत देशभर के 14,500 सरकारी स्कूलों अपग्रेड करने का फैसला लिया है। इन स्कूलों को पीएमश्री योजना के अंतर्गत अपग्रेड किया जा रहा है।

# कौशल विकास योजना में सिलाई प्रशिक्षण हुआ शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- बीएसपी शिविर में महिलाओं को बना रही आत्मनिर्भर

सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र का सीएसआर विभाग, अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के विभिन्न गतिविधियों और कर्तव्यों का निर्वहन करता रहा है। इसी क्रम में भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएसआर द्वारा सीएसआर विभाग के सेक्टर 5 ऑफिस में महिला सशक्तिकरण के तहत, सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुरु किया गया। मुख्य अतिथि, महाप्रबंधक शिखा दुबे थी।सिलाई प्रशिक्षण, महिला सशक्तिकरण एवं कौशल विकास योजना के अंतर्गत दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में भिलाई एवं आसपास की 35 गरीब ग्रामीण महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जायेगा। यह 90 दिनों तक दिया जायेगा। दुबे ने कहा कि प्रशिक्षण के द्वारा सभी महिलाएं अपने कौशल का विकास करें। इससे उन्हें आत्मनिर्भर बनकर परिवार में योगदान में मदद मिलेगी। कार्यक्रम का स्वागत भाषण शिवराजन नायर द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षु महिलाओं और प्रशिक्षिका परविंदर कौर ने भी विचार व्यक्त किए। धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ प्रबंधक सुशील कुमार कामड़े और संचालन उप प्रबंधक केके वर्मा द्वारा किया गया।




## 15 के बाद जनता के लिए खुल सकता है, दीवारों में चित्रकारी लोगों को लुभाएगी

# सुपेला अंडरब्रिज में दिख रहा तारा मंडल और पर्यावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीस माह से बंद पड़े सुपेला अंडर ब्रिज का काम अब पूरा होता दिखाई दे रहा है। जनता के लिए यह जल्द शुरु कर लिया जाएगा। दुर्ग जिले के सुपेला भिलाई में रेलवे का सबसे सुंदर अंडरब्रिज साबित होगा। इस अंडरब्रिज में जिस प्रकार की कलाकृतियां उकेरी जा रही है। जिसे देख लोगो को आर्कर्षित जरुर करेगा। सुपेला की सीधा और टाउनशिप की ओर वाई आकार में इसे बनाया गया। भीतरी दीवारों पर भी चित्रकारी की गई। दीवारों पर अभयारण्य, तारामंडल जो कि काफी आकर्षक दिख रही है। सुपेला रेलवे क्रासिंग को बंद कर इसकी जगह अंडरब्रिज का निर्माण कराया है। इसकी लंबे समय से लोगों को इंतजार था। लेट लतीफ जाम से बचने सुपेला में अंडरब्रिज की मांग की जा रही थी। अगस्त 2022 में इसका निर्माण शुरु हुअआ था। लेकिन इसे 1 मई से लोगों के लिए खोला जाना था। लेकिन समय पर काम पूरा नहीं होने से अब 15 मई के बाद की इसे खोजा जा सकता है। अंडरब्रिज के बचे काम को तेजी से पूरा किया जा रहा है। सुपेला अंडरब्रिज को भिलाई के दूसरे अंडरब्रिज से काफी अलग बनाया गया है। अंडरब्रिज के भीतरी दीवारों पर उकेरी गई कलाकृतियां काफी मनमोहक दिख रही है। रेल पटरी के ठीक नीचे की दोनों भीतरी दीवारों पर डिजिटल कलर पेंटिंग से तारामंडल बनाया गया है।

#### बरसात के लिए मजबूत चेम्बर भी

वर्तमान में अंडरपास के निर्माण कार्य को फाइनल टच दिया जा रहा है। बिजली का काम 15 मई तक पूरा कर लिया जाएगा। टाउनशिप की ओर बिजली वायरिंग और लाइट लगाने का काम पूरा कर लिया गया है। वहीं सुपेला घड़ी चौक की ओर लाइट लगाने का काम 15 मई तक पूरा करने का समय ठेका कंपनी को दिया गया है। इसके साथ ही रेल पटरी के समानांतर गुजरने वाली बरसाती नाले पर मजबूत चेम्बर बनाकर ह्यूम पाइप बिछाए जाने से बारिश के मौसम में दिक्कत की आशंका नहीं रहेगी।



#### ट्रैफिक दबाव होगा कम

वहीं टाउनशिप के ओर की दीवारों पर पेड़ पौधों के बीच हिरण और सांभर के चित्र अभ्यारण्य का अहसास करा रहे हैं। इस अंडरब्रिज से आवाजाही शुरू होने पर लोगों को अद्भुत नजारा देखने को मिलेगा। अंडरब्रिज के शुरू हो जाने से चंद्रा-मौर्या और प्रियदर्शिनी परिसर अण्डरब्रिज से ट्रैफिक का दबाव कम हो जाएगा। यही नहीं अंडरब्रिज के नीचे बरसाती पानी के निकासी के लिए बनाए गए जालीदार ड्रेनेज सिस्टम की गहराई और चौड़ाई ठीक ठाक रहने से बारिश के दिनों में पानी भरने की समस्या नहीं हो पाएगी।





04 रंगभेद के खिलाफ फैशन

लाइव इवेंट

## आज मनाया जाएगा श्री रविशंकर का 68 वां अवतरण दिवस





**भिलाई।** आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के संस्थापक श्री श्री श्री रविशंकर का 68 वां जन्मोत्सव मनाया जाएगा। भिलाई के आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के कार्यालय के सामने सेंट्रल एवेन्यू सड़क आठ, क्वार्टर नंबर 5 बी, सेक्टर 8 भिलाई में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर संस्था के अंतरराष्ट्रीय शिक्षक एवं भजन गायक प्रवीण मेहता द्वारा स्वयं आर्ट ऑफ लिविंग साधकों के लिए सुदर्शन क्रिया सुबह 5.30 से 7 बजे तक कराई जाएगी जो साधक पूर्व में सुदर्शन क्रिया कर चुके हैं, वे सादर आमंत्रित है संध्या द्वारा जगत कल्याण के लिए संध्या 7 बजे गुरु पूजा एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया है, जिसमें सभी वर्ग के लोग सत्संग गंगा का आनंद ले सकते हैं। प्रवीण मेहता विख्यात अंतरराष्ट्रीय आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के सुमेर संध्या भजन गायक है। इस उपलक्ष में दुर्ग में सुबह इंदिरा मार्केट में शरबत एवं चना वितरण वाणी होटल में सुदर्शन क्रिया एवं सत्संग का आयोजन होगा। ज्ञात हो कि आर्ट और लिविंग संस्था द्वारा कराई जा रहे सुदर्शन क्रिया एवं नव चेतना शिविर के माध्यम से दुर्ग जिले में ही लाखों लोग इस संस्था से जुड़ चुके हैं। वह अपने जीवन में आनंद और खुशी के साथ खुशहाल जीवन व्यतीत कर रहे है। संस्था द्वारा श्री श्री रविशंकर के जन्मोत्सव के दिन जगह-जगह शरबत वितरण, चना वितरण के साथ श्रमिक बस्तियों में जाकर फल वितरण ग्रामीण क्षेत्रों में प्रभात फेरी निकाली जा रही है। वहीं नव चेतना शिविर ध्यान कराई जाएगी। यह निःशुल्क होगा सभी लोग इसमें भाग ले सकते हैं।

सिटी इवेंट

## 5 से 16 वर्ष के बच्चों के लिए लगाई जा रही हैं सेवक शाला



**भिलाई।** भिलाई में सेवक फाउंडेशन द्वारा विगत सप्ताह से प्रति रविवार को फाउंडेशन के द्वारा शास्त्री नगर स्थित त्रिमूर्ति मंदिर में सनातन धर्म के बारे में मूलभूत पाठ्यक्रम बना कर 5 वर्ष से 16 वर्ष के बच्चों तक ₹सेवक शाला₹ के माध्यम से सनातन धर्म की शिक्षा दी जा रही है। जिसमे अब तक के मुख्य विषय सनातन धर्म, सर्वोच्च देवता व देवी, चार वेद, चार युग, वर्ण सिस्टम, विष्णु के दस अवतार आदि के बारे में जानकारी फाउंडेशन के संयोजक विकास जायसवाल के साथ त्रिमूर्ति मंदिर के सक्रिय सदस्य अनिल जायसवाल का विशेष सहयोग से मिल रहा है। त्रिमूर्ति मंदिर व शास्त्री नगर समिति के सदस्य केशरी राय, अमृतलाल जायसवाल, विनोद मिश्रा, प्रवीण मेहता, राकेश त्रिवेदी, रमाकांत गुप्ता, डॉ यादवेंद्र धोटे, त्यागराज नायडू इस तरह के धर्म सम्बंधित कार्यशाला का आयोजन की सराहना की तथा अभी तक दक्ष, वंश, रेहान, सानिध्य, नक्षत्र, राजवीर, ख्याति, मिसका, आरोही, लावण्या, प्रज्ञा आदि बच्चों ने इस कार्यशाला में भाग ले रहे है।

## स्वास्थ्य टीम ने मानसिक विकार पर चर्चा का किया आयोजन



**भिलाई।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई तीन की स्वास्थ्य टीम ने कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भिलाई 3 के 10 वीं -12 वीं में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के रिजल्ट के बाद मानसिक विकार से उभारने परिचर्चा आयोजित किया गया। बीईटीओ व स्वास्थ्य सुपरवाइजर सैय्यद असलम ने बताया कि छात्र छात्राओं पढ़ाई-लिखाई रिजल्ट परिणाम को लेकर बड़े चिंतित रहते हैं। बड़ी विपरीत परिस्थितियों में पढ़ाई करते, मेहनत करते उनके अनुरूप जब परिणाम नहीं आता है। जिससे वे मानसिक विकार रोगों में ग्रसित हो जातें हैं। कलेक्टर त्रचा प्रकाश चौधरी, सीएमओं डॉ जे पी मेश्राम , खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ आशीष शर्मा के संयुक्त मार्गदर्शन में स्कूल में परीक्षा परिणाम उपरांत छात्र छात्राओं को नकारात्मक विचारों से उभारने परिचर्चा आयोजित किया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ आशीष शर्मा ने छात्रों को विडियो कालिंग में शुभकमाएं दी। कहा कि जैसे भी आपका परिणाम आया है कल के लिए बेहतर है। असफलता ही सफलता की पहली सीढ़ी है। मेडिकल आफिसर डॉ भुनेश्वर कठौतिया ने छात्रों को मानसिक विकार अवसाद, डिप्रेशन, बैचेनी घबराहट, हताश-निराश अनद्रिा के बनने ओर छुटकारा के तरीके बताएं।

### छत्तीसगढ़ से भिलाई को मिला था प्रतिनिधित्व का मौका, 11 राज्यों में एक साथ सीधा प्रसारण

# 11 राज्यों के हजार से भी ज्यादा गायकों ने दी रवींद्र संगीत की मनमोहक प्रस्तुति

**भिलाई।** कविगुरु रवींद्रनाथ टैगोर के 163 वीं जन्मदिवस के उपलक्ष्य में रवींद्र सुधा भिलाई द्वारा हजार कंठ सम्मेलक रवींद्र संगीत कार्यक्रम का ऐतिहासिक आयोजन रविवार को कलामंदिर, सिविक सेंटर भिलाई में किया गया। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ सहित भारत के 11 राज्य के गायक शिरकत करेंगे। 11 राज्यों के 1100 गायकों ने रवींद्र संगीत की प्रस्तुति मधुर प्रस्तुति देकर समा बांधा। कार्यक्रम की रूपरेखा एवं संगीत निर्देशन कोलकाता के अरुंधती देब का था। कला मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मानस बिस्वास एक्स ईडी माइंस भिलाई स्टील प्लांट, तापस दासगुप्ता सीजीएम इंचार्ज आयरन जोन भिलाई स्टील प्लांट, स्मिता गिरी एडिशनल वाइस प्रेसीडेंट भिलाई महिला समाज, दीपेंदु हालदार, असित साहा सीजीएम इंचार्ज एनएनडीयू, साहित्यकार स्थिति दत्त उपस्थित थे। सर्वप्रथम विश्व कवि गुरु रवींद्रनाथ टैगोर की छायाचित्र पर माला अर्पण और प्रज्वलित की गई। उपस्थित अतिथियों ने रवींद्र नाथ टैगोर के जीवनी से अवगत कराया। 11 राज्यों के 1100 गायकों ने रवींद्र संगीत के 20 गानों की प्रस्तुति दी। तालियों की गड़गड़ाहट से कला मंदिर गूंज उठा। आयोजन के अंत में सभी गायकों और अतिथियों को सम्मानित किया गया। मंच संचालन रवींद्र सुधा भिलाई के अध्यक्ष राजदीप सेन और मोऊ राय ने किया।



### 6 माह रिहर्सल किया गया

गौरव की बात है कि 11 राज्यों में छत्तीसगढ़ से स्टील सिटी भिलाई को प्रतिनिधित्व का मौका मिला है। रवींद्र सुधा भिलाई के अध्यक्ष राजदीप सेन ने बताया कि आयोजन को सफल बनाने 6 माह रिहर्सल किया गया है। भारत के उत्तर, दक्षिण, पूरब, पश्चिम चारों दिशाओं के ग्यारह राज्यों में शत कंठ सम्मेलक रवींद्र संगीत के माध्यम से एक हजार से भी ज्यादा संगीत कलाकार गुरुदेव को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।









### भारत में पहला आयोजन

रवीन्द्र सुधा के संचालक विश्वजीत सरकार ने बताया कि एक साथ हजारों लोग एक ही मंच पर गा सकते हैं, लेकिन अलग-अलग जगह से एक ही समय पर एक जैसा गाना भारत में पहली बार हुआ है। उन्होंने बताया कि 11 राज्यों का लाइव प्रसारण भी कला मंदिर से किया गया ताकि हर राज्य के लोगों का गायन भी लोग देख सकें। आयोजन में शामिल होने वाले राज्य छत्तीसगढ़ भिलाई, नई दिल्ली, पश्चिम बंगाल कोलकाता, मध्य प्रदेश भोपाल, महाराष्ट्र नवी मुंबई, झारखंड जमशेदपुर, ओडिशा राउरकेला, कर्नाटक बैंगलोर, तेलंगाना हैदराबाद, तमिलनाडु चेन्नई, असम सिलचर शामिल हैं।

### सूखे कंठ फिर भी डटे रहे

गायकों ने बताया कि 1 घंटा 40 मिनट लगातार गाना आसान नहीं होता, लेकिन उन्होंने जो संकल्प लिया था वह पूरा किया। गायक चैती पॉल, मऊ राय, स्वागता विश्वास, सुचिता मुखर्जी, पारोमिता सहित कई लोगों ने कहा कि गाने के दौरान कंठ भी सूखे लेकिन इतने महीने की प्रैक्टिस ने उन्हें कमजोर पड़ने नहीं दिया। कार्यक्रम के बाद कई लोगों की पलकें भी भीग गई क्योंकि 9 महीने की प्रैक्टिस के दौरान कई लोगों के बीच अच्छी दोस्ती भी हो गई थी। कई रिश्तों में भी लोग बंधे और दोस्ती का रिश्ता जोड़कर आगे भी मिलने का वादा किया।

## अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग-डे पर नर्सों ने बिताया वृद्धाश्रम में समय, जमकर की सेवा



भिलाई। शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग के समस्त स्टाफ ने मिलकर इंटरनेशनल नर्सेस डे का आयोजन किया। यह कार्यक्रम रामशिला की कुटिया वृद्धा आश्रम जुनवानी चिखली भिलाई में आयोजित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस की वर्ष 2024 की थीम थी 'हमारी नर्से हमारा भविष्य देखभाल की आर्थिक शक्ति' इसी थीम के अंतर्गत समस्त नर्सिंग स्टाफ ने मिलकर वृद्ध आश्रम के सभी बुजुर्गों के साथ समय बिताया उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया एवं उनको स्वास्थ्य शिक्षा भी दी कि वे अपनी देखभाल कैसे करें। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रामशिला की कुटिया के संचालक अजय कल्याणी का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। उन्होंने कार्यक्रम का संबोधन किया एवं संस्था के बारे में जानकारी दी।

इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए श्री गंगा जली एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष आईपी मिश्रा, अध्यक्ष जया अभिषेक मिश्रा ने कॉलेज के समस्त स्टाफ को बधाई दी एवं भविष्य में ऐसे ही कार्यक्रमों का आयोजन करते रहने की प्रेरणा दी। इस कार्यक्रम का मार्गदर्शन सिंधु अनिल मेनन एडिशनल डायरेक्टर श्री शंकराचार्य हॉस्पिटल ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कालेज की प्राचार्य शैलजा अनिक ने की। प्राचार्या के द्वारा अजय कल्याणी को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में कॉलेज की उपप्राचार्या विनीता सत्य कुमार एवं बीना थॉमस का विशेष योगदान रहा।

## मातृ दिवस पर स्वच्छता अभियान एवं फलदार पौधों का किया रोपण

**भिलाई।** पर्यावरण मित्र मंडल के संरक्षक बालूराम वर्मा के नेतृत्व में निःशुल्क पौधा प्रदान किए जाने के फल स्वरुप पर्यावरण मित्रों द्वारा रविवार को आस्था वृद्धा आश्रम सेक्टर 8 भिलाई नगर में मातृ दिवस के अवसर पर स्वच्छता अभियान चलाकर परिसर को सुंदर एवं स्वच्छ बनाया गया, साथ ही साथ आम, कटहल ,जामुन, अमरूद, पपीता, शहतूत, फलदार पौधों का रोपण किया गया एवं उपस्थित जन समुदाय से वर्मा ने निवेदन किया कि रशियन कंपलेक्स सेक्टर 7 भिलाई नगर में स्वयं के नर्सरी हैं, वहां से निःशुल्क पौधा फलदार एवं छायादार प्राप्त करने हेतु मोबाइल नंबर 9301014365 पर कॉल करके आने से पौधा लिया जा सकता है ताकि हमारे भिलाई नगर में अधिक से अधिक पौधा लगे एवं हमारे भिलाई सुंदर एवं स्वच्छ रहें इस पुनीत कार्य में शेरूपा सिन्हा, पूर्णिमा, कमला, गुलाबो, शांति, अर्चना, प्रकाश संचालक प्रकाश बोरकर, दिनेश पांडे, दीपेश वर्मा, डीपी चौधरी, सियाराम कश्यप, कैलाश जोशी, संजय महाजन केके वाधवा, मारुति शंकर बल, अरूप राय, एसके सेन का सहयोग प्राप्त हुआ।

- पर्यावरण मित्र मंडल भिलाई का आयोजन



### इंद्रजीत सिंह छोटू ने कहा- आगे भी समाज सेवा के क्षेत्र में लगातार कार्य करते रहेंगे

कार्नर न्यूज

**भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के द्वारा रविवार को यूनियन से जुड़े हुए तमाम ड्राइवर, हेल्पर, खलासी या उससे जुड़े हुए मैकेनिक को बीमा सर्टिफिकेट देकर उनके परिवार वालों को एक उम्मीद की किरण प्रदान की। यूनियन का मकसद साफ है कि सड़क में चलने वाली गाड़ियों द्वारा अचानक कभी हादसे हो जाते हैं जिससे ड्राइवर, कंडक्टर, खलासी दुर्घटना में किसी की जान चली जाती है तो कोई घायल हो जाता है जिसको शासन स्तर पर जो मुआवजा मिलता है उसके अलावा बीमा करके उनके परिवार वालों को एक बेहतर भविष्य के लिए यूनियन के द्वारा एक छोटी सी व अनोखी पहल की गई।**

## एसोसिएशन ने ट्रक ड्राइवर, कंडेक्टर और खलासी को वितरित किया बीमा प्रमाण पत्र



**भिलाई।** सैकड़ों की संख्या में उपस्थित ड्राइवर, कंडक्टर, हेल्पर व अन्य लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे। वहीं एडिशनल एसपी सुखनंदन राठौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। जिन्होंने अपने हाथों से बीमा सर्टिफिकेट एक-एक ड्राइवर, हेल्पर, कंडक्टर को दिया। वहीं आगे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर ने अपने उद्बोधन में कहा कि जिस प्रकार से हम अपने छोटे-छोटे चीजों का ख्याल बड़ी ही अच्छे तरीके से रखते हैं वैसे ही भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने भी अपने तमाम ड्राइवर हेल्पर व कंडक्टर का ख्याल बीमा करा कर रखा है जो की एक अच्छी पहल है।

वहीं डीएसपी सतीश ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा की ड्राइवर अपने घर से सुबह निकलता है दिन रात गाड़ी चलाकर एक स्थान से दूसरे स्थान जाता है जिससे हादसे की आशंका बन रहती है। वहीं सेफ्टी को लेकर सतीश ठाकुर ने कहा कि सीट बेल्ट लगाकर गाड़ी चलाएं, दो पहिया वाहन हेलमेट पहने, नियम का पालन करें व शराब पीकर गाड़ी न चलाएं। यूनियन द्वारा किए गए इस बीमा के कार्यों को लेकर सतीश ठाकुर ने कहा कि काफी अच्छी पहले ऐसी पहल सभी जगह होनी चाहिए जिससे दुर्घटना में घायल उन तमाम लोगों के परिवार वालों को राहत मिलेगी जो आर्थिक रूप से जूझते हैं। आगे सीएसपी भिलाई नगर सत्य प्रकाश तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहां की संस्था का काम काफी सराहनी है। अपने हाथों से मैं यह बीमा का सर्टिफिकेट जो है तमाम ड्राइवर हेल्पर और कर्मचारियों को दे रहा हूं काफी खुशी मिल रही है। संस्था के लोगों का भी सीएसपी ने धन्यवाद ज्ञापित किया कि इस बेहतर चीज को लेकर उन्होंने सोचा और विचार किया अंत में उन्होंने बीमा करा कर उनके परिवार के सदस्यों को यह सर्टिफिकेट प्रदान किया।

यूनियन के संरक्षक इंद्रजीत सिंह छोटू ने अंत में अपने उद्बोधन में कहा कि ट्रांसपोर्ट से जुड़े हुए भिलाई की इस संस्था के द्वारा लगातार समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर कार्य किया जा रहा है चाहे हेलमेट वितरण की बात हो ब्लड डोनेशन करने की बात , हेल्थ चेकअप की बात हो संस्था के परिवार की लड़कियों की शादी कराने की बात पर भी संस्था के द्वारा आर्थिक रुप से मदद निरंतर किया जारा है जो आगे भी जारी रहेगा।

सिटी इवेंट

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर प्याऊ घर का शुभारंभ



**भिलाई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, रिसाली नगर सेवा विभाग द्वारा सेवा प्रकल्प के अनेक जनकल्याणकारी कार्यों का संचालन समर्पण भाव से संचालित होता रहता है एवं संघ के विभिन्न अनुषांगिक संघों के साथ-साथ सेवा प्रकल्प द्वारा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में समय-समय पर समाज के आवश्यकता अनुसार स्वयंसेवकों द्वारा सेवा कार्य किए जाते रहते हैं । रिसाली नगर द्वारा शभगवती थपलियाल, सेवा प्रमुख के नेतृत्व में बीते कई वर्षों से ग्राम मरोदा एवं रिसाली ग्रामों में छात्र, छात्राओं को सायंकालीन निःशुल्क शिक्षा का कार्य किया जा रहा है। उसी तरह थपलियाल एवं अन्य अनेक स्वयंसेवकों के सामूहिक प्रयास से ग्रीष्मकालीन आवश्यकता अनुसार जनमानस में सहयोग के लिए एक सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ किया गया है । भगवान परशुराम जन्मोत्सव एवं पावन अक्षय त्रृतिया दिवस को प्रारंभ यह प्याऊ आगामी डेढ दो माहों तक संचालित होता रहेगा। शाम को संघ के मातृशक्ति एवं स्वयंसेवकों के देखरेख में भगवान परशुराम की पूजा अर्चना एवं हनुमान चालीसा पाठ तथा परशुराम जी की आरती द्वारा यह पावन सेवा कार्य संपन्न हुआ।

श्री विवेकानंद समिति के अध्यक्ष दीपक मिश्रा, वी नागेश्वर राव, तोरण लाल सिन्हा, विक्रम वर्मा, शैलेंद्र शेंडे, संदीप दीक्षित ने सामूहिक रूप से पूजा अर्चना कर सार्वजनिक प्याऊ का उदघाटन किया। तोरण लाल सिन्हा ने संघ के सेवा प्रकल्प के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए पेयजल के वितरण कार्य को ईश्वरीय कार्य बताया । मुख्य अतिथि दीपक मिश्रा ने संघ द्वारा समय समय पर राष्ट्र हित में समर्पण भाव से किये जाने वाले कार्यों की सराहना किया एवं समाज के विभिन्न वर्गों में जाकर किए जाने वाले कार्यो को प्रेरणास्पद कार्य बताया। इस अवसर पर पूजा आरती में मातृशक्ति श्रीमती संध्या मंडलोई, आरती शर्मा, तरसेम कौर, छाया वाघ, प्रेमलता गोंठिया, गीता मिश्रा, धनेश्वरी साहू, स्वाति जोशी, एवं अनेक बहनों ने हनुमान चालीसा एवं भगवान परशुराम जी के आरती का अनुष्ठान संपन्न करवाया । उक्त अवसर पर सेवा प्रमुख भगवती थपलियाल, गोपाल मोहंती, सुब्बैयया नायडू, के. के. मंडलोई, श्रीमती व श्री दिनेश पंडिया, संजय निखारे, मूर्ति गारु, राजेन्द्र यादव, रघु सिंह, लल्ला आदि स्वयंसेवक तथा अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे । कार्यक्रम का संपूर्ण संचालन मुख्य संयोजक (संचालन समिति भानूजी राव ने किया एवं उपस्थित जनसमुदाय को जानकारी दिया कि प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक आगामी गर्मी के दिनों में यह प्याऊ समाज के सभी कार्यकर्ताओं के सामूहिक सहयोग से संचालित होता रहेगा।

● निषाद समाज मेहनतकश समाज है: विधायक ललित चंद्राकर

# वार्षिक अधिवेशन में निषाद समाज के प्रतिभावानों का किया गया सम्मान

**भिलाई।** रविवार को दुर्ग जिले के ग्राम चिरपोटी विकासखण्ड दुर्ग में आयोजित परिक्षेत्रीय निषाद केवट समाज के वार्षिक अधिवेशन महासम्मेलन व प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम में दुर्ग सांसद विजय बघेल शामिल हुए। भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र व निषाद राज केंवट की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया और इस भव्य आयोजन के लिए समाजजनो को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनो एवं पदाअधिकारियों ने सांसद व विधायक का स्वागत किया। छत्तीसगढ निषाद समाज वार्षिक अधिवेशन को सम्बोधित करते हुए विधायक ललित चंद्राकर ने कहा की निषाद समाज मेहनतकस समाज है निषाद केवट, समाज स्वाभिमन के साथ आपनी अलग पहचान बनाए हुए हैं। परंपरागत व्यवसाय के अलावा जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में समाज मजबूती से आगे बढ़ रहा है। केवट समाज परम्परागत रूप से मछलीपालन व्यवसाय से जुड़ा हुआ है समाज के कल्याण के लिए सरकार द्वारा मत्स्य नीति बनाई गई है मछली पालन को कृषि का दर्जा दिया जिससे मछली पालन में वृद्धि हुई है। आगे विधायक ने कहा हमारी सरकार सभी समाज को एक साथ लेकर चल रही है सभी समाज के कल्याण के हमारी सरकार काम कर रही विभिन्न समाजों के मांग पर भवन निर्माण के लिए राशि प्रदान किया जा रहा है विधायक ने कहा की सभी वर्गों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। इसलिए योजनाओं के माध्यम से आम लोगों के जेब में पैसा पहुंचने आम लोगो की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है।



## कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर अध्यक्ष भाजपा मछुआ प्रकोष्ठ नेहरू निषाद, राष्ट्रीय युवा महामंत्री निषाद समाज कोमल निषाद, थाना प्रभारी पखांजुर लक्षमण केंवट, सरपंच पोषण लाल साहू, उतई मंडल महामंत्री सोनू राजपूत, प्रवीण यदु, रूपेश पारख, अजीत चन्द्राकर, अध्यक्ष डॉ. घनश्याम निषाद, सचिव संतोष जलतारे, उपाध्यक्ष सालिक राम निषाद, बुधारू निषाद, महिला उपाध्यक्ष हेमलता निषाद, सचिव सुमन निषाद, कोषाध्यक्ष खेलावन केंवट, संगठन सचिव रामाधीन पारकर, सह सचिव ओमप्रकाश निषाद, उप संगठन सचिव सालिक निषाद, देवनाथ निषाद, मलेश निषाद, टोमन निषाद, धनंजय निषाद, समाज सेवक समय लाल निषाद व समस्त गणमान्यजन व समाज के लोग उपस्थित थे।

## हमारी सरकार की 4 माह की उपलब्धि सभी वर्गो के लिए लाभदायक है

प्रदेश में मोदी की गारंटी और विष्णु का सुशासन हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की 4 माह की सरकार ने लगातार जनहित में निर्णय लेकर स्वर्णिम इतिहास रच दिया हैं। महतारी वंदन योजना, कृषक उन्नति योजना, रामलला अयोध्या दर्शन , प्रधानमंत्री आवास योजना स्वीकृत, दो वर्ष का बकाया बोनस प्रदान जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण हैं।



देश और प्रदेश की उन्नति, प्रगति और विकास के लिए हमारी सरकार सतत प्रयासरत है। इस अवसर दुर्ग सांसद व सांसद प्रत्याशी विजय बघेल ने कहा कि निषादराज केवट के जीवन से आप सभी परिचित हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के प्रथम चरण पखारने का सौभाग्य निषाद राज केवट के साथ पूरे निषाद समाजजनों को मिला है। केवट प्रभु श्री राम का अनन्य भक्त था। अयोध्या के राजकुमार केवट जैसे सामान्यजन का निहोरा कर रहे हैं। यह समाज की व्यवस्था की अद्भुत घटना है। केवट चाहता है कि वह अयोध्या के राजकुमार को छुए। उनका सान्निध्य प्राप्त करें। उनके साथ नाव में बैठकर अपना खोया हुआ सामाजिक अधिकार प्राप्त करें। अपने संपूर्ण जीवन की मजूरी का फल पा जाए। राम वह सब करते हैं, जैसा केवट चाहता है। उसके श्रम को पूरा मान-सम्मान देते हैं। केवट राम राज्य का प्रथम नागरिक बन जाता है। राम त्रेता युग की संपूर्ण समाज व्यवस्था के केंद्र में हैं, इसे सिद्ध करने की जरूरत नहीं है। उसके स्थान को समाज में ऊंचा करते हैं। राम की संघर्ष और विजय यात्रा में उसके दाय को बड़प्पन देते हैं। त्रेता के संपूर्ण समाज में केवट की प्रतिष्ठा करते हैं।

मूर्ति हो रही जर्जर

# साक्षरता चौक हुआ बदहाल



**भिलाई।** कैम्प 1 तीन दर्शन मंदिर के पास साक्षरता चौक के नाम से प्रसिद्ध चौक जो इन दिनों जर्जर अवस्था में है। जिसमें लगे टाइल्स मूर्ति का प्लास्टर गिर रहा है। वहीं चौक के अंदर झाड झरोखा उग चुका है। नगर निगम को इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

दुर्ग जिले से इकलौती टॉपर

# साहू समाज युवा प्रकोष्ठ ने 12वीं की टॉपर भावना का किया सम्मान



**भिलाई।** दुर्ग में साहू समाज युवा प्रकोष्ठ द्वारा ग्राम सिरसा वार्ड नं 13 में छग बोर्ड 12वीं की परीक्षा में 95% के साथ पूरे प्रदेश में 10वां स्थान प्राप्त कर पूरे क्षेत्र व साहू समाज को गौरवांवित करने वाले भरत साहू कि पुत्री भावना साहू को सम्मानित कर बधाई दी व भविष्य में नई बुलंदियों को प्राप्त करने का आशीर्वाद दिया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से साहू समाज के युवा प्रकोष्ठ के सयोजक मुकेश साहू, दुर्ग संभाग के कार्यकारी अध्यक्ष वेद साहू, प्रदेश प्रचार सचिव प्रकाश साहू, साहू समाज सिरसा के सह सचिव गोपी साहू, दुर्ग युवा प्रकोष्ठ के सदस्य इशू साहू उपस्थित रहे।

**भावना ने 12वीं में 95 प्रतिशत अंक के साथ प्रदेश में दसवां स्थान प्राप्त किया**

सिटी इवेंट

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले नर्सिंग स्टॉफ को किया गया सम्मानित






**भिलाई।** अंतराष्टीय नर्सिंग दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को अस्पताल भिलाई मे मरीजो कि सेवा में हमेंशा तत्पर रहने वाले नर्सिंग स्टाफ का सम्मान किया गया। नर्सिंग स्टाफ मरीजों एवं डाक्टरों के बीच सबसे मजबूत एवं भरोसेमंद कड़ी रहती है। इसलिए चिकित्सा जगत में इनकी एक पहचान एवं आदर रहता है। इनके सम्मान एवं आदर के दिवस पर मित्तल हास्पिटल के डायरेक्टर एवं सुप्रसिद्ध न्युरोरोग विशेषज्ञ डॉ. आशीष मित्तल ने सभी नर्सिंग स्टाफ का अस्पताल प्रबंधन की ओर से धन्यवाद दिया। उन्होने उत्कृष्ट कार्य करने वाले कई नर्सिंग स्टाफ को इस मौके पर पुरस्कृत करते हुये कहा कि निः स्वार्थ भाव से मरीजों की सेवा करना हम सभी का कर्तव्य है एवं भविष्य में भी इसी तरीके से अच्छा कार्य करते रहने कि प्रेरणा दी। अस्पताल की डायरेक्टर एवं कर्क रोग विशेषज्ञ डॉ. सुमन मित्तल ने नर्सिंग एवं मदर्स डे की सभी स्टाफ को बधाई देते हुए कहा कि हमारे नर्सिंग स्टाफ एवं चिकित्सकों के अथक परिणाम एवं समन्वय की वजह से मित्तल अस्पताल इस क्षेत्र का पूर्ण एनएबीएच प्राप्त एक मात्र अस्पताल है जो मरीजों की सर्वश्रेष्ठ सेवा का प्रतीक है। जैसा कि आप जानते है कैंसर एक जटिल बीमारी है एवं इसमे हमारे नर्सिंग स्टाफ धैर्य एवं कुशलता से मरीजो का हौसला बढ़ाने का कार्य करती है। मित्तल स्टाफ के किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय वाच्छानी एवं उनकी नर्सिंग टीम ने किडनी संबंधित बीमारियों को साझा किया। ज्ञात हो कि इसी वर्ष मित्तल ग्रुप अस्पताल की टीम उत्कृष्ट सेवाओं के लिये मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा सम्मानित किया गया। नर्स पूजा एवं महक के द्वारा मदर्स डे की थीम पर मनमोहक गीत उंगली थामे तुने चलना सिखाया था प्रस्तुत किया गया है। इस अवसर पर डॉ विजय वच्छानी किडनी रोग विशेषज्ञ, डॉ नवीन वर्मा कर्क रोग विशेषज्ञ, डॉ स्नेहा बोथरा जैन कर्क रोग विशेषज्ञ, डॉ. एनके भाटिया गैंस्टोएंटेरोलोजिस्ट रोग विशेषज्ञ, डा केएस भाटिया ह्रदय रोग विशेषज्ञ, डॉ पुनीत सेठ विकिरण विभाग, डॉ अलोका विभा औषधि विभाग विशेषज्ञ, डॉ विशाल अग्रवाल औषधि विभाग विशेषज्ञ, डॉ. शिवानी टांक मैक्सिलोफेशियल, डॉ मनीष कनौजिया हडडी रोग विशेषज्ञ, डॉ खालिद बैग निश्चेतना रोग विशेषज्ञ, डॉ. अंजना चौधरी स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. वी पिल्लई "वसन रोग विशेषज्ञ, डॉ श्रीवेन्द्वा तिवारी मूत्र रोग विशेषज्ञ ने सभी नर्सिंग स्टाफ के सम्मान में केक भी काटा।

भिलाई के निर्देशक डॉ. स्वर्नाली दास ने दी विस्तार से जानकारी

# बारहवीं के बाद फार्मा के क्षेत्र में युवाओं के लिए खुला है आकाश, संवार सकते हैं करियर

कार्नर न्यूज

**फार्मा के संबंध में डॉ. स्वर्नाली दास पाल ने छात्रों को दी जानकारी**

**भिलाई।** फार्मा के संबंध में शंकराचार्य कालेज आफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज, एसएसपीयू भिलाई के निदेशक डां स्वर्नाली दास पाल विस्तार से बताते है। उनका कहना हैं कि, अगर आपने 12वीं विज्ञान या गणित विषय में किया है, तो हम आपको सबसे बेहतर विकल्प बता रहे है। इस कोर्स में कैसे दाखिला लें? जानें कि फार्मासिस्ट कैसे बनें, साथ ही फार्मेसी की डिग्री हासिल करने के बाद आप कौन से रास्ते अपना सकते हैं।बारहवीं की परीक्षा पास करने के बाद युवाओं के कैरियर का यह समय महत्वपूर्ण मोड या पड़ाव होता है। ऐसे में आज के समय में फार्मा सेक्टर के ग्रोथ के अनुसार युवाओं के लिए बेहतर कैरियर हो सकता है। फार्मा के संबंध में शंकराचार्य कालेज आफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज, एसएसपीयू भिलाई के निदेशक डां स्वर्नाली दास पाल विस्तार से बताते है। उनका कहना हैं कि, अगर आपने 12वीं विज्ञान या गणित विषय में किया है, तो हम आपको सबसे बेहतर विकल्प बता रहे है। करियर के हिसाब से फार्मेसी बहुत ही बढ़िया विकल्प है। फार्मेसी क्या हैं? इस कोर्स में कैसे दाखिला लें? जानें कि फार्मासिस्ट कैसे बनें, साथ ही फार्मेसी की डिग्री हासिल करने के बाद आप कौन से रास्ते अपना सकते हैं।



## फार्मासिस्ट कैसे बनें ?

1. 12वीं बोर्ड परीक्षा पूरी करें
2. गणित या जीव विज्ञान और अन्य विज्ञान विषय अनिवार्य है
3. प्रवेश परीक्षा के लिए तैयारी करें और इसे पास करें.
4. एक पंजीकृत फार्मेसी कालेज में प्रवेश लें.
5. अपनी फार्मेसी की डिग्री पूरी करें
6. फार्मासिस्ट लाइसेंस प्राप्त करें.

## बी. फार्मा कोर्स करने के फायदे

हमें आशा है कि इस लेख में मौजूद फार्मा कोर्स से जुड़ी तमाम जानकारियां आपको ज़रूर पसंद आई होगी। यहां विस्तार से बताया गया है कि फार्मा कोर्स के फायदे क्या होते हैं? फार्मा कोर्स के बाद कौन-कौन सी जॉब कर सकते है तथा करियर विकल्प क्या होते हैं?

## फार्मेसी क्या है?

फार्मेसी औषध निर्माण विज्ञान। चिकित्सा पद्धति में औषिधि की खोज एवं उसका निर्माण करना ही 'फार्मेसी' कहलाता है। इसके अंतर्गत औषधियों का ज्ञान तथा उनका संयोजन ही नहीं वरन उनकी पहचान, संरक्षण, निर्माण, विश्लेषण एवं उसका प्रमाणन भी हैं। नई दवाईयों का आविष्कार तथा संश्लेषण फार्मेसी के प्रमुख कार्य होते हैं।

## डी. फार्मा क्या है?

डी. फार्मेसी का मतलब फार्मेसी में डिप्लोमा होता है। यह कोर्स करने के लिए आपके 12वीं में विज्ञान एवं मैथ्स विषय में न्यूनतम योग्यता 45% होनी चाहिए और इसके बाद कॉलेज में सीधे प्रवेश होता है, जैसे कि श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, भिलाई, छत्तीसगढ़ में आप सीधे प्रवेश ले सकते है। यह कोर्स दो साल का होता है। इस कोर्स को करने के बाद फार्मासिस्ट का लाइसेंस मिलता है।

## विद्यार्थियों का इन क्षेत्रों में बनेगा कैरियर

**दवा उद्योग:** आप विभिन्न जॉब प्रोफाइल दवा उद्योग में जॉब कर सकते है, जैसे कि साइंटिस्ट, रिसर्च ऑफिसर और उत्पादन व्यक्ति आदि।

**बिक्री और विपणन:** बहुत से छात्र फार्मा मार्केटिंग में करियर बनाते हैं। फार्मा मार्केटिंग ऐसे छात्रों के लिए ज्यादा लाभकारी होता है, जिनकी कम्युनिकेशन स्किल अच्छी होती है, मार्केटिंग में इंटरेस्ट हो और कम समय में ज्यादा सैलरी व अचीवमेंट करना चाहते है।

**शैक्षणिक** : व्याख्याता के रूप में न्यूनतम प्रवेश स्तर की योग्यता एम. फार्मा है। यह नौकरी से संतुष्टि और सामाजिक स्थिति से जुड़ा पेशा है। शिक्षण को एक महान पेशा माना जाता है। में उच्च पद पदानुक्रम में वरिष्ठ व्याख्याता, रीडर, सहायक प्रोफेसर, प्रोफेसर, प्रिंसिपल वगैरह।

**अनुसंधान और विकास:** भारत के अनुसंधान एवं विकास का केंद्र बनने के साथ, यह क्षेत्र हमेशा सही फार्मा पेशेवरों की तलाश में रहता है।नैदानिक अनुसंधान बी. फार्मा एवं एम. फार्मा के बाद बहुत सारी बहुराष्ट्रीय कंपनियों एमएनसी में भी क्लिनिकल रिसर्च, फार्मा को-विजिलेंस मेडिकल राइटिंग और मेडिकल कोडिंग में भी बहुत अच्छा स्कोप है।

सिटी स्पोर्ट्स

## ओवरऑल इंडिया चैम्पियन बने महाराष्ट्र के खिलाड़ी



**रायपुर।** राजधानी रायपुर में मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स (एमएमए) इंडिया चैम्पियनशिप के अंतिम दिन रविवार को सीनियर खिलाड़ियों का फाइनल मुकाबला हुआ। जिसमे ओवर ऑल इंडिया चैम्पियनशिप में 16 गोल्ड 1 सिल्वर 12 ब्रॉन्ज मैडल जीत कर महाराष्ट्र की टीम ने पहला स्थान प्राप्त कर पूरे भारत मे अपने राज्य का परचम लहरा दिया है। वही 11 गोल्ड,12 सिल्वर, 3 ब्रॉन्ज मैडल जीत कर जम्मू एन्ड कश्मीर की टीम दूसरे स्थान पर रही और 8 गोल्ड,15 सिल्वर,3 ब्रॉन्ज़ मैडल जीत कर छत्तीसगढ़ की टीम तीसरे स्थान पर रही। युवावर्ग के एकल फाइट में पूरे भारत में प्रथम स्थान पर रहे छत्तीसगढ़ के धामेश रायपुरिया ने तेलंगाना के साजित ज़लील को हरा कर जीत हासिल की और महिला वर्ग में छत्तीसगढ़ की बेटी प्रियांशी बघेल ने सिल्वर मैडल जीत कर दूसरा स्थान हासिल किया। सभी विजेता खिलाड़ियों को एमएमए इंडिया के मंच पर भाजपा के वरिष्ट नेता मनमोहन सिंह चावला ने मैडल सर्टिफिकेट देकर सम्मान किया। एमएमए का इस नेशनल चेम्पियनशिप में 28 राज्यो से छह सौ खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिसमे चारसौ पुरूष और दो सौ महिला खिलाड़ी थे। इनमें से फाइनल मैच में सीनियर टीम से 50 खिलाड़ी पहुंचे थे। जिनमे 16 महिला खिलाड़ी और 34 पुरूष खिलाड़ी शामिल थे। इन सभी सीनियर खिलाड़ियों ने मैच खेला और इनमें से कई ने मैडल जीत कर अपने राज्य का नाम रौशन किया। रविवार को शाम 4 बजे समापम के अवसर पर मुख्य अतिथि वरिष्ट भाजपा नेता मनमोहन सिंह चावला और विशिष्ट अतिथि परमीत सिंह दत्ता रहे ।इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में एमएमए बोर्ड के अध्यक्ष एम शरीफ बापू, महासचिव प्रसाद गायतोंडे, उपाध्यक्ष, अजय मारवेह, नितिन सिंह, दिव्या सिंह, ऑफिशियल में आकाश मैथ्यू,महेश जनतली, नागेश्वर राव,हेमन्त प्रजापति, एथलीट कमीशन में अध्यक्ष मोहम्मद बिलाल,उपाध्यक्ष सुरभि सांक,तकनीकी टीम में आकिब एवं टीम मेडिकल टीम से हरिकृष्ण हॉस्पिटल के डॉ निदा चंद्र, शासकीय अस्पताल से डॉक्टर प्रज्ञा तेलंग की टीम और मीडिया प्रभारी मुरली नायर के साथ अन्य लोगों का योगदान रहा।

## महिला क्रिकेट में वेस्ट जोन और सेंट्रल जोन की शानदार जीत



**रायपुर।** सीएससीएस द्वारा आयोजित महिला सीनियर वन डे चैलेंजर ट्रॉफी के अंतर्गत रविवार को रोमांचक मैच हुआ। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम रायपुर में टीम वेस्ट जोन विरुद्ध साउथ जोन का मुकाबला हुआ। जिसमें वेस्ट जोन ने यह मैच 35 रन से जीता। टॉस साउथ जोन ने जीता एवं पहले क्षेत्र रक्षण करने का फैसला किया। बल्लेबाजी में वेस्ट जोन ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 199 रन, श्वेता देवांगन ने 60 रन, पहल टंडन ने 47 रन एवं रूमा दास ने 44 रन बनाए। गेंदबाजी में साउथ जोन से ऐश्वर्या सिंह एवं दुर्गेश नंदिनी साहू ने दो-दो विकेट लिए। बल्लेबाजी में साउथ जोन की खिलाड़ी 40 ओवर में 164 रन बनाकर आउट हो गई। जिसमें कुमुद साहू ने 60 रन और नेहा बड़वाईक ने 32 रन बनाए। गेंदबाजी वेस्ट जोन सृष्टि शर्मा ने चार विकेट एवं पल्लवी वर्मा ने दो विकेट लिए। रविवार का दूसरा मैच बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में खेला गया। ईस्ट जोन के विरुद्ध मुकाबले में सेंट्रल जोन ने यह मैच छह विकेट से जीत लिया। टॉस ईस्ट जोन ने जीता एवं पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी में ईस्ट जोन की टीम 43 ओवर में 145 रन पर आउट हो गई।

## राष्ट्रीय नेटबॉल में छत्तीसगढ़ की बालिकाओं ने जीता कांस्य पदक



**रायपुर।** रेवाड़ी (हरियाणा) में 67 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2023-24 के अंतर्गत नेटबॉल बालक/बालिका 19 वर्ष आयु वर्ग के मुकाबले हुए।. जिसमे छत्तीसगढ़ की बालिकाओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ के लिए ब्रॉन्ज मेडल जीता। छत्तीसगढ़ टीम के मुख्य दल प्रबंधक एवं प्रशिक्षक शरद पंसारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ की बालक बालिका की दोनों टीमें अपने पुल के लीग मैच में सभी को हराकर सीधे क्वार्टर फाइनल में पहुंची थी। बालक टीम ने अपने पुल सी में रहते हुए मध्यप्रदेश को 10- 20 से तथा तेलंगाना को 5- 10 से हराकर क्वॉर्टर फाइनल में विद्या भारती को 1- 15 से हराकर सेमी फाइनल में दिल्ली से हारकर हार्ड लाईन मैच में पंजाब से 14 – 18 से हार गई, जिससे चौथे स्थान पर ही संतोष करना पड़ा।बालिका टीम ने पुल बी में रहते हुए डीएव्ही को 7- 16 से तथा चंडीगढ़ को 9 – 21 से हराया। क्वार्टर फाइनल में तमिलनाडु को 9 – 21 से हराकर छत्तीसगढ़ की बेटियां सेमीफाइनल में दिल्ली से 11 – 13 से हार गई तथा हार्ड लाईन मैच में केरल को 27- 31 से हरा कर तीसरा स्थान प्राप्त करते हुए कांस्य पदक पर कब्जा किया।

तुरंत छोड़ना होंगा इन आदतों को, रहेंगे हमेशा स्वस्थ

# दिनचर्या में इस तरह बदलाव कर आसानी से नियंत्रित कर सकते हैं मधुमेह का स्तर

रक्त शर्करा का स्तर सामान्य से अधिक बने रहना डायबिटीज यानि मधुमेह रोग का कारण बनता है। साल 2021 के आंकड़ों के अनुसार 20 से 79 वर्ष की आयु वाले 537 मिलियन (53.7 करोड़ से अधिक लोग) इस रोग के शिकार हैं। साल 2045 तक ये आंकड़ा बढ़कर 783 मिलियन (78.3 करोड़) से अधिक होने की आशंका जताई गई है। भारत में भी डायबिटीज के मामले पिछले दो दशकों में काफी तेजी से बढ़े हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया, लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के कारण इस रोग का खतरा बढ़ता जा रहा है। जिन लोगों के परिवार में किसी को डायबिटीज रही है या फिर अन्य जोखिम कारक हैं उन्हें इसको लेकर विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है।

आहार विशेषज्ञ कहते हैं, ब्लड शुगर को कंट्रोल रखने के लिए कुछ आदतों में सुधार करना जरूरी है। खानपान को सही रखना, नियमित व्यायाम को दिनचर्या का हिस्सा बनाना मधुमेह रोगियों के लिए आवश्यक है। इसके अलावा ये जानना भी जरूरी है कि डायबिटीज रोगियों को किन चीजों से परहेज करना चाहिए जिससे शुगर को बेहतर तरीके से नियंत्रित रखा जा सके?



### कार्बोहाइड्रेट वाली चीजों का कम करें सेवन

भोजन में तीन मुख्य प्रकार के कार्बोहाइड्रेट होते हैं: स्टार्च, चीनी और फाइबर। मधुमेह से पीड़ित लोगों के लिए स्टार्च और शर्करा बड़ी समस्या पैदा करते हैं क्योंकि शरीर इन्हें ग्लूकोज में तोड़ देता है। इनसे भरपूर चीजों के सेवन के कारण तेजी से शुगर का स्तर बढ़ने का खतरा हो सकता है। जिन लोगों को डायबिटीज की समस्या है उन्हें कार्बोहाइड्रेट की मात्रा कम करके फाइबर वाली चीजों का अधिक सेवन करना चाहिए। आहार में इस प्रकार का बदलाव करके ब्लड शुगर को नियंत्रित रखना आसान हो सकता है।



### बदल लें रात के खाने का समय

कई लोगों को रात में देर से खाने की आदत होती है। क्या आप जानते हैं कि इसके कारण आप गंभीर समस्याओं के शिकार हो सकते हैं। जब आप रात में देर से खाते हैं तो इससे मेटाबॉलिज्म से संबंधित समस्याओं का खतरा हो सकता है। ज्यादातर अध्ययनों में विशेषज्ञ कहते हैं रात का खाना शाम को छह से सात बजे के बीच जरूर खा लेना चाहिए। खाने के बाद कम से कम 10-15 मिनट की वॉक जरूर करें इससे कार्बोहाइड्रेट को बेहतर तरीके से पचाने में मदद मिलती है।

### शारीरिक निष्क्रियता आपकी दुश्मन

डायबिटीज के खतरे से बचाना चाहते हैं या फिर डायबिटीज को कंट्रोल करना चाहते हैं तो जीवनशैली में बदलाव, विशेषतौर पर शारीरिक निष्क्रियता को कम करना सबसे जरूरी है। लगातार कई घंटों बैठकर काम करते रहना, व्यायाम की कमी के कारण शुगर बढ़ने का खतरा रहता है। अगर आप चाहते हैं कि शुगर लेवल कंट्रोल रहे, तो दिन में कम से कम 40 मिनट व्यायाम जरूर करें। शारीरिक निष्क्रियता वाले लोगों में डायबिटीज की जटिलताओं का खतरा अधिक होता है।

## भ्रामक हो सकते हैं डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों पर लगाए लेबल के दावे



पहले बच्चों को दिए जाने वाले खाद्य पदार्थ (बेबी फूड्स) और फिर कई मसालों की गुणवत्ता में पाई गई कमी ने डिब्बाबंद चीजों के सेवन को लेकर लोगों के मन में डर पैदा कर दिया है। इसी से संबंधित एक हालिया बयान में भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने लोगों को सावधान करते हुए कहा है कि पैकेज्ड वस्तुओं पर लगे खाद्य लेबल भ्रामक हो सकते हैं। शीर्ष स्वास्थ्य अनुसंधान निकाय ने इस बात पर जोर देते हुए कहा है कि उपभोक्ताओं को जानकारी को ध्यान से पढ़ना चाहिए। आहार के लिए स्वस्थ विकल्पों का चुनाव करने के लिए थोड़ी सावधानी बरतनी जरूरी है।

आईसीएमआर ने कहा कई खाद्य पदार्थ जो शुगर-फ्री होने का दावा करते हैं असल में उनमें वसा की मात्रा अधिक हो सकती है। इसी तरह से डिब्बाबंद फलों के रस में केवल 10 प्रतिशत तक फलों का गूदा हो सकता है। हाल ही में जारी अपने आहार दिशानिर्देशों में, आईसीएमआर ने कहा कि पैक्ड फूड पर स्वास्थ्य संबंधी दावे उपभोक्ताओं का ध्यान खींचने और उन्हें यह समझाने के लिए डिजाइन किए जाते हैं कि उत्पाद स्वस्थ है, लेकिन असल में ये कितने स्वस्थ है इसपर अपने विवेक से ध्यान देना जरूरी है।

## ऐसे काम करने से मां लक्ष्मी हो जाती हैं नाराज, जानें क्या कहता है गरुड़ पुराण



पक्षीराज गरुड़ को भगवान श्रीहरि विष्णु का वाहन कहा जाता है। एक बार पक्षीराज गरुड़ ने भगवान विष्णु से प्रश्न पूछा कि मृत्यु के बाद प्राणियों की स्थिति, यमलोक तक की यात्रा, नरक, योनि और पापियों की दुर्गति से जुड़ी कई रहस्यमय और रहस्यपूर्ण बातें हैं। भगवान विष्णु ने गरुड़जी को उनकी जिज्ञासा शांत करने के लिए जो ज्ञानपूर्ण उपदेश दिया, वह ज्ञानपूर्ण उपदेश गरुड़ पुराण कहा जाता

### बासी खाना न खाएं

गरुड़ पुराण के अनुसार बासी भोजन नहीं करना चाहिए। बासी भोजन जहर के समान माना गया है। इसके सेवन से आयु कम होती है।

### सुबह जल्दी उठें

गरुड़ पुराण के अनुसार लंबी आयु के लिए आपको सुबह जल्दी उठना होगा। देर तक सोने से स्वास्थ्य पर भी इसका दुष्प्रभाव पड़ता है और साथ मां लक्ष्मी भी नाराज रहती हैं। जो लोग सुबह जल्दी उठकर ध्यान आदि लगाते हैं उनके घर में कभी भी दरिद्रता का वास नहीं होता।

### किसी को कष्ट न दें

गरुड़ पुराण के अनुसार किसी भी व्यक्ति को न मानसिक रूप से और न ही शारीरिक रूप से कष्ट पहुंचाना चाहिए। गुरुड़ पुराण में कहा गया है कि ऐसा करने वालों को जीवन में कभी सुख नहीं मिलता। ऐसे करने वालों की पद-प्रतिष्ठा सब मिट्टी में मिल जाती है और धन भी छिन जाता है।

### किसी को धोखा न दें

गरुड़ पुराण के अनुसार किसी व्यक्ति को धोखा नहीं देना चाहिए। जो व्यक्ति किसी के साथ विश्वासघात करते हैं वे पाप की श्रेणी में आते हैं। ऐसा करने वाला नर्क की अग्नि में जलता है।

### कंजूसी न बनें

गुरुड़ पुराण के अनुसार धनवान होकर भी हमेशा गरीबी या आर्थिक तौर पर कंजूसी का दिखावा नहीं करना चाहिए। जो लोग इस तरह का व्यवहार करते हैं उनसे मां मां लक्ष्मी रूठ जाती हैं और घर में सदैव दरिद्रता का वास होता है।



## बच्चों को गर्मियों में क्या खिलाएं और क्या नहीं, जरूर जानें

तेज धूप और गर्म तापमान के चलते अच्छे-अच्छे धुरंधर गर्मियों के मौसम में पस्त पड़ जाते हैं, तो जरा सोचिए बच्चों की क्या हालत होती होगी? माता पिता को हर वक्त एक ही चिंता सताती है कि बच्चों को गर्मियों के मौसम में क्या खिलाया जाए और क्या नहीं खिलाया जाए, जिससे बच्चों की सेहत अच्छी बनी रहे।अगर आप भी इस बात को लेकर चिंतित रहते हैं तो हम आपको कुछ ऐसे खाद्य पदार्थों की लिस्ट बता रहे हैं जिससे आपकी काफी मदद हो सकती है।

### गर्मियों में बच्चों को इन चीजों से रखें दूर

एक्सपर्ट हमेशा माता-पिता को सलाह देते हैं कि गर्मियों में अपने बच्चों को ज्यादा मसालेदार भोजन खिलाने से बचें। ऐसा इसलिए है क्योंकि मिर्च मसाले वाले फूड शरीर के तापमान को बढ़ा सकते हैं, जिसके परिणामस्वरूप अत्यधिक पसीना, एसिडिटी, पेट में ऐंठन और मतली की समस्या हो सकती है।

अक्सर जब गर्मियों में गला सूखता है तो बच्चे हमेशा सॉफ्ट ड्रिंक की तरफ आकर्षित होते हैं। यह ठंडा और काफी



सूथिंग होता है लेकिन माता-पिता को यह पता होना चाहिए कि यह ड्रिंक सिर्फ कैलोरी और हानिकारक योजकों से भरपूर होने के अलावा कुछ नहीं है, इससे समस्या हो सकती है। इसकी बजाय अपने बच्चों को ताजे फलों का रस नारियल पानी या लस्सी का सेवन करवाएं। गर्मियों के मौसम में बच्चों को तले हुए खाद्य पदार्थ को खाने से रोकना चाहिए। इसे पचाना मुश्किल होता है। इसके कारण ऐंठन और सीने में जलन हो सकती है। पाचन तंत्र सुस्त हो सकता है। बच्चों को स्ट्रीट फूड खाने से भी रोकें, यह बिना ढके हुए होते हैं। इसके कारण इसमें हानिकारक बैक्टीरिया होने की अधिक संभावना होती है। बच्चों की प्रतिरक्षा प्रणाली वैसे भी मजबूत नहीं होती है, ऐसे में इन खाद्य पदार्थों को खाने से उल्टियां डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है।

### गर्मियों में बच्चों को खिलाएं ये चीजें

गर्मियों के मौसम में बच्चों को तरबूज का सेवन जरूर कराएं। इसमें 92 से लेकर 95 फीसदी तक पानी की मात्रा होती है। यह हाइड्रेशन का एक उत्कृष्ट स्त्रोत है। इसमें विटामिन ए भी होता है जो प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूती देता है इससे बच्चों की त्वचा भी तरह ताजा रहती है।

गर्मियों के मौसम में दही का सेवन जरूर कराएं। इसे पचाना आसान होता है, क्योंकि यह फर्मेंटेशन प्रक्रिया से गुजरता है। वहीं इसका सेवन करने से पाचन तंत्र भी ठीक प्रकार से काम करता है।



कार्नर न्यूज

गर्मियों की छुट्टियों को बनाएं मजेदार, इन क्षेत्र में बच्चों को करें प्रोत्साहित

# गर्मी की छुट्टियों को अवसर के रूप में लें और निखारें अपने बच्चों का भविष्य

गर्मी की छुट्टियां बहुत से पालकों के लिए बच्चों का भविष्य निखारने का समय होती है। इन छुट्टियों में आप अपने बच्चों को कुछ नया करने, नया सोचने या फिर किसी नई जगह पर जाकर कुछ मनपसंद चीजें देखने का अवसर दे सकती हैं। इसमें उनकी मस्ती भी होगी और कुछ नई सीख भी मिलेगी।

### कला को निखारने का समय

आठ साल की मानुषि को कहानियों से खास लगाव है। वह अपने खाली समय में शौकिया तौर पर छोटी-छोटी कहानियां लिखती रहती है। एक दिन उसे किसी ने स्टोरी टेलिंग के बारे में बताया। मानुषी ने तभी तय कर लिया कि स्कूल की छुट्टियों में वह इस कला को सीखेगी। इसके लिए उसने अपने माता-पिता से बात की और बिना देर किए इसकी वर्कशॉप में अपना पंजीकरण करा लिया। मानुषी बताती है, "मैंने स्टोरी टेलिंग की तीन दिन की एक ऑनलाइन वर्कशॉप पूरी की, जिसमें मुझे बहुत मजा आया। मैं आगे भी और ऐसी ही वर्कशॉप में हिस्सा लेती रहूंगी।"



### डायरी लेखन यानी खुद से बातें

लेखिका प्रीति शेनॉय कहती हैं, " स्कूल बंद हैं, बच्चों के पास पर्याप्त समय हैं, जिसमें वे भी कुछ नया सृजन कर सकते हैं। हम जानते हैं कि दिन भर में हर किसी के मन में हजारों अच्छे-बुरे ख्याल आते हैं। यदि बच्चे उन्हें डायरी में नोट करने की आदत डाल लें तो वे लेखन का आनंद ले पाएंगे। इतना ही नहीं, डायरी लेखन न सिर्फ उनको तनाव मुक्त करता है, बल्कि नए आइडियाज और उनके लेखन को भी सही दिशा देता है।"

### नई भाषा, नई समझ

आठवीं कक्षा में पढ़ने वाला स्वराज क्रिकेट का दीवाना है। जब मम्मी ने कहा कि छुट्टियों में तो अब तुम सिर्फ क्रिकेट खेलोगे? तो स्वराज ने जवाब दिया, "नहीं!" मां थोड़ी हैरान हो गई और बोली, "तो फिर क्या करोगे?" तब स्वराज ने बताया कि "मुझे फ्रेंच भाषा बहुत पसंद है। इसलिए क्रिकेट की प्रैक्टिस से बचे समय में मैं फ्रेंच भाषा सीखूंगा। इसके लिए मैंने एक ऑनलाइन कोर्स में दाखिला भी ले लिया है, ताकि नवीं कक्षा में इस भाषा को पढ़ने में आसानी हो।" बस यही कदम आपको अपने बच्चे के लिए उठाना है।

### खुद को तराशें

छुट्टियों में बच्चों के पास पर्याप्त समय होता है और नई चीजें सीखने का उन्हें भरपूर अवसर मिलता है। दसवीं की छात्रा मालिनी कहती है, "पिछले साल छुट्टियों में जब मैं फोटोग्राफी की एक वर्कशॉप में शामिल हुई तो मुझे फोटोग्राफी के बारे में बहुत कुछ जानने को मिला। साथ ही फोटोग्राफी के प्रति मेरा रुझान भी बढ़ गया। इसके बाद मैंने स्कूल स्तर की कई प्रतियोगिताओं में तस्वीरें भेजीं, जिनमें से कुछ को पुरस्कार मिले। मुझे इस बात की सबसे ज्यादा खुशी है कि मैं समय का सार्थक उपयोग कर सकी।" कुछ इसी तरह आपको भी पहल करनी चाहिए।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## टॉम निभाएंगे हिलेरी का किरदार, तेनजिंग के लिए जारी है तलाश

हॉलीवुड में जल्द ही शेरपा तेनजिंग नोर्गे के जीवन पर फिल्म बनने वाली है।



तेनजिंग नोर्गे ने 29 मई, 1953 को दुनिया की सबसे ऊंची पर्वत चोटी माउंट एवरेस्ट की पहली चढ़ाई की थी। उनके साथ एडमंड हिलेरी ने भी यह कारनामा किया था। अब उनकी जिंदगी को पर्दे पर देखने के लिए दर्शकों के बीच उत्सुकता का माहौल है। इस फिल्म पर प्रोडक्शन कंपनी सी-सॉ फिल्म्स काम कर रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिलहाल इस फिल्म में तेनजिंग नोर्गे के किरदार के लिए अभिनेता की तलाश जारी है। फिल्म में एडमंड हिलेरी का किरदार टॉम हिडलस्टन निभाएंगे, जबकि ऑस्कर विजेता अभिनेता विलेम डैफो कर्नल जॉन हंट की भूमिका अदा करेंगे।

इस फिल्म को ऑस्ट्रेलियन फिल्ममेकर जेनिफर पीडोम बना रही हैं। उनके शेरपा समुदाय के साथ काफी अच्छे संबंध हैं। दरउसल, उन्होंने 'शेरपा' नाम से एक डॉक्यूमेंट्री बनाई है। उसी दौरान उनका रिश्ता शेरपा समुदाय के साथ बना था। फिल्म की कहानी ल्यूक डेविस ने लिखी है। इसके निर्माता लिज वॉट्स, एमिल शर्मन, इयान कैनिंग, ल्यूक डेविस और जेनिफर पीडोम हैं। वहीं, साइमन गिलिस, डेविड मिचॉड और नोरबू तेनजिंग एग्जिक्यूटिव प्रोड्यूसर हैं।

### टॉलीवुड

## 'कन्नप्पा' में होगा प्रभास के किरदार का खुलासा, एलान करेंगे विष्णु

'कन्नप्पा' विष्णु मांचू की महत्वकांक्षी परियोजना है और फिल्म की शूटिंग शुरू होने के बाद से उन्होंने काफी पैसा खर्च किया है। फिल्म में कई दिग्गज



सितारों की महत्वपूर्ण भूमिकाएं हैं। विष्णु मांचू तेजी से अपनी फिल्म पर काम कर रहे हैं। हाल ही में विष्णु ने पोस्ट साझा करते हुए यह घोषणा की थी की प्रभास सेट पर शामिल हो चुके हैं और उन्होंने फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी है। वहीं अब फिल्म को लेकर नई जानकारी सामने आई है।

फिल्म से जुड़ी लगातार दिलचस्प जानकारियां देने के लिए निर्माता पोस्टर साझा कर रहे हैं। इससे इससे पहले विष्णु ने प्रभास के किरदार का एक पोस्टर भी साझा किया था और बताया था कि वे शूटिंग शुरू कर चुके हैं। वहीं, अब ऐसी खबरें हैं कि निर्माता जल्द ही फिल्म से जुड़ी एक और नई घोषणा कर सकते हैं। ताजा अपडेट यह है कि निर्माताओं ने कल सोमवार, 13 मई, 2024 को कुछ बड़ा खुलासा करने का फैसला किया है। ऐसे में सोशल मीडिया पर चर्चाएं तेजी से हो रही हैं। प्रभास कुछ दिन पहले फिल्म की शूटिंग में शामिल हुए थे और ऐसे में अब खबरें हैं कि सोमवार को निर्माता फिल्म से प्रभास का पहला लुक जारी करेंगे। इसके साथ चर्चा यह भी है कि प्रभास के साथ अक्षय कुमार के किरदार का भी खुलासा हो सकता है। विष्णु ने प्रभास के पैरों को प्रदर्शित करने वाले एक प्री-लुक पोस्टर का अनावरण किया गया था। प्रभास के लुक की छोटी सी झलक दी गई, जिसमें उनके पैरों की झलक थी। हालांकि, प्रभास की भूमिका के बारे में जानकारी गुप्त रखी गई थी। अब लग रहा है कि 13 मई को निर्माता प्रभास का पहला लुक जारी करने के साथ उनकी भूमिका का भी खुलासा कर सकते हैं। इससे पहले विष्णु ने बताया था कि अक्षय ने शूटिंग पूरी कर ली है। साथ ही उन्होंने अक्षय के साथ फिल्म में काम करने का अनुभव भी साझा किया था और अक्षय के साथ अपनी तस्वीरें भी साझा की थीं। वहीं प्रभास के किरदार को लेकर खबर है कि वे फिल्म में कैमियो रोल निभाएंगे। प्रभास फिल्म में नंदी की भूमिका निभाते नजर आएंगे। पहले उनके भगवान शिव की भूमिका निभाने की चर्चा थी, लेकिन वे पहले से ही 'कल्कि 2898 एडी' में इस किरदार को निभा रहे हैं तो ऐसे में वे किसी भी तरह का दोहराव नहीं चाहते हैं।

### भोजपुरी

## अंजना और शुभी के बीच दिखेगा 'घर की मालकिन' बनने का टशन

फिल्म इंडस्ट्री में दो खूबसूरत हीरोइनों के बीच की प्रतिस्पर्धा आम है। इसकी झलक कभी-कभी फिल्मों की कहानी में भी देखने को मिलती है। ऐसे



ही एक फिल्म आ रही है 'घर की मालकिन', जिसमें दो खूबसूरत भोजपुरी की एक्ट्रेसेस अंजना सिंह और शुभी शर्मा का टशन देखने को मिलेगा। फिल्म में दोनों की भूमिका बेहद दमदार है और यह महिलाओं पर केंद्रित सिनेमा होने वाली है। 'घर की मालकिन' की कहानी का आधार घर-घर में होने वाली घटनाएं हैं, जिसके जरिए मनोरंजन के जरिए एक अच्छी फिल्म बनाई जा सकती है। फिल्म 'घर की मलकिन' को बी4यू मोशन पिक्चर्स प्रस्तुत निलाभ तिवारी फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा बनाया जा रहा है। इस फिल्म को लेकर अंजना सिंह ने कहा कि 'फिल्म महिला प्रधान है और इसमें मेरी भूमिका बेहद दमदार है। मैं फिल्म में अपना हंड्रेड परसेंट देने को तैयार हूं और मेरी कोशिश होगी कि यह फिल्म भोजपुरी सिनेमा के इतिहास में सबसे अधिक मनोरंजन करने वाली फिल्म बने।' उन्होंने आगे कहा, 'फिल्म के गीत संगीत और संवाद भी कैची है।

### लाइफ स्टाइल

## रंगभेद के खिलाफ



फैशन की राजधानी की बात निकलते ही लोग तुरंत मिलान, लंदन, पेरिस, टोक्यो और न्यूयॉर्क के बारे में सोचने लगते हैं। लेकिन वास्तव में, दक्षिण अफ़्रीका भी फैशन के क्षेत्र में उभरता हुआ बाज़ार है, जहां जिसने इन मूल फ़ैशन शहरों के कुछ रुझानों को नीरस बना दिया है। विशेष रूप से केप टाउन और जोहान्सबर्ग उद्योग में अग्रणी शहर बन गए हैं। हर साल आयोजित होने वाले यहां के फैशन वीक में रंगभेद के खिलाफ भी माडल्स संदेश देते रहे हैं।

## ब्राइटन स्किन के लिए घर पर बनाएं विटामिन सी टोनर

अपने स्किन की केयर करने के लिए हम सभी कई तरह के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन बेसिक स्किन केयर रूटीन को फॉलो करना भूल जाते हैं। अपनी स्किन की केयर करने के लिए सीटीएम यानी क्लीजिंग और मॉइश्चराइजिंग के अलावा टोनिंग पर ध्यान देना बेहद जरूरी है।

हममें से ज्यादातर लोग टोनर के बारे में सही तरह से नहीं जानते हैं और बस यही मानते हैं कि इन्हें ऑयली स्किन के लिए तैयार किया जाता है। जबकि, टोनर की आवश्यकता हर तरह की त्वचा को होती है।

इनका इस्तेमाल आमतौर पर चेहरे से अतिरिक्त तेल और गंदगी को हटाने के लिए क्लींजिंग के बाद किया जाता है। हालांकि, अगर आप अपनी स्किन को नेचुरली ब्राइटन करना चाहते हैं तो ऐसे में विटामिन सी टोनर का इस्तेमाल करना अच्छा विचार है।

विटामिन सी टोनर आपको मार्केट में आसानी से मिल जाएंगे। लेकिन आप इन्हें खुद घर पर भी बना सकती हैं। तो चलिए आज इस लेख में आरवीएमयूए एकेडमी की फाउंडर, सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट और



स्किन केयर एक्सपर्ट रिया वशिष्ट आपको घर पर ही विटामिन सी टोनर बनाने के तरीके के बारे में बता रही हैं-

विटामिन सी पाउडर और एलोवेरा जेल से बनाएं टोनर

विटामिन सी पाउडर को एलोवेरा जेल और ग्लिसरीन में मिक्स करके एक बेहतरीन टोनर तैयार किया जा सकता है। यह आपकी स्किन को ब्राइटन भी करेगा।

**टोनर बनाने का तरीका :** विटामिन सी टोनर बनाने के लिए सबसे पहले विटामिन सी पाउडर को गुलाब जल के साथ मिलाएं। पाउडर अच्छी तरह घुल जाना चाहिए। अब आप ताजा एलोवेरा जेल और ग्लिसरीन लें और इसे भी गुलाब जल के मिश्रण में डालें। अब इसे एक स्प्रिट्ज़र बोतल में डालें। आप क्लींजिंग के बाद इस टोनर का इस्तेमाल कर सकते हैं। इस तरह आप घर पर ही बनाएं फेस टोनर।

**नींबू के रस से बनाएं टोनर:** नींबू विटामिन सी रिच होता है और आप इससे टोनर बना सकते हैं। हालांकि, अगर आपकी स्किन सेंसेटिव है तो इस टोनर का इस्तेमाल करने से बचें।

**टोनर बनाने का तरीका**-सबसे पहले नींबू का रस और डिस्टिल्ड वाटर को एक साथ मिक्स करें। अब आप इसमें लैवेंडर एसेंशियल ऑयल की कुछ बूंदों को मिलाएं। अब आप इसे एक स्प्रे बोतल बोतल में डालकर फ्रिज में रखें। आप हर बार उपयोग से पहले इसे अच्छी तरह से हिलाएं। ग्रीन टी टोनर में नेचुरली एंटी-इन्फ्लेमेटरी प्रोपर्टीज होती है तो स्किन के प्रोटेक्टिव बैरियर की रक्षा करते हैं।

## साड़ी से लेकर लहंगे तक के साथ बेस्ट लगेंगे ब्लाउज के ये खास डिजाइंस




मार्केट में आपको ब्लाउज के रेडीमेड से लेकर फैब्रिक खरीदकर बनवाने के लिए ब्लाउज के कई डिजाइंस देखने को मिल जाएंगे। साड़ी से लेकर शरारा व लहंगे तक के साथ में तरह-तरह के डिजाइन वाले ब्लाउज पहनें जाते हैं। आजकल के डिजाइन की बात करें तो जैकेट स्टाइल वाले ब्लाउज को पहनना काफी ज्यादा पसंद किया जाने लगा है। तो आइये आज हम आपको दिखाने वाले हैं जैकेट स्टाइल वाले ब्लाउज के डिजाइंस। इसके साथ बताएंगे अपने लुक को स्टाइलिश बनाने के आसान टिप्स-

### काफ्तान स्टाइल ब्लाउज

काफ्तान स्टाइल देखने में स्टाइलिश और गर्मी के हिसाब से काफी कूल लुक देने में मदद करता है। इस तरह के लुक के साथ में आप गले में चोकर को पहन सकती हैं। इसके साथ में मैचिंग स्टड्स इयररिंग्स पहनें। बालों के लिए आप मेसी लुक लो पोनीटेल हेयर स्टाइल को चुनें। काफ्तान बनवाने के लिए आप नेट के डिजाइन वाले फैब्रिक को चुन सकती हैं। फैंसी लुक के लिए किनारी लेस लगवाएं।



### कॉलर नेक ब्लाउज

लहंगे और प्लेन साड़ी के साथ में इस तरह का शिमर डिजाइन जैकेट स्टाइल ब्लाउज बेस्ट रहेगा। इस तरह के लुक में लहंगे के साथ में आप दुपट्टे को स्किप भी कर सकती हैं। बालों के लिए स्लीक हेयर स्टाइल चुनें। ऐसा करने से आपके कंधों और नेकलाइन को स्टेटमेंट लुक मिल सकता है। ज्वेलरी के लिए भी मिनिमल डिजाइन और स्टाइलिंग करें।

### लॉन्ग जैकेट स्टाइल ब्लाउज

पॉवर लुक कैरी करना चाहती हैं तो इस तरह की कस्टमाइज लॉन्ग जैकेट को स्ट्रैप ब्लाउज के साथ में पहन सकती हैं। इस तरह का लुक आप धोती स्टाइल स्कर्ट या प्लीटेड साड़ी के साथ में पहन सकती हैं। इस तरह की लॉन्ग जैकेट के लिए आप कढ़ाई वर्क डिजाइन को चुन सकते हैं।

## सलवार सूट में गिरने लगते हैं कंधे तो इन हैक्स को जरूर करें ट्राई

हम सभी को सलवार-सूट पहनना बहुत पसंद होता है। वहीं गर्मी के मौसम में यह आपकी बॉडी को आरामदायक भी महसूस करवाते हैं। हालांकि मार्केट में आजकल आपको रेडीमेड में भी काफी बड़ा कलेक्शन देखने को मिल जाएगा।

सूट की फिटिंग की बात करें तो अक्सर हमारे पहनें हुए कपड़े कंधे से लूज होते हैं और गिरते रहते हैं। इससे लुक बिगड़ सकता है। तो आइये आज हम आपको बताने वाले हैं कुछ आसान हैक्स जिनकी मदद से आप आसानी से सलवार-कमीज के गिरते कंधों को सही कर सकती हैं और सूट लुक को स्टाइलिश बना सकती हैं।



### क्यों गिरते हैं सलवार-सूट के कंधे?

फिटिंग सही न होने के कारण सलवार-सूट के कंधे गिरने लगते हैं। हि-कई बार हम डीप नेक सूट सिलवाते हैं। ऐसे में बड़े गले होने के कारण कंधे से सूट सरकने लगता है। ज्यादातर ऐसा लूज साइज वाले के सूट में होता है। यह दिक्कत सबसे ज्यादा रेडीमेड सलवार-कमीज में नजर आने लगती हैं।

### गिरते कंधों को सही करने के लिए क्या करें?


सलवार-कमीज के गिरते कंधों को सही करने के लिए सबसे पहले आप अपने साइज को सूट को ही पहनें। अगर आप बड़े गले पहन रही हैं और फिटिंग सही नहीं आ रही है तो इसके लिए आप बैक में डोरी लगवा सकती हैं। डोरी लगवाने से आप आसानी से अपने हिसाब से गिरते हुए कंधों को सही फिटिंग दे पाएंगी।

## हेयर डस्टिंग अपना रहे हैं तो जानें इसके फायदे

अपने बालों को थिक, शाइनी व हेल्दी बनाए रखने के लिए हम सभी कई तरीके अपनाते हैं। इन्हीं में से एक है हेयर ट्रिमिंग। हेयर ट्रिमिंग के कारण स्प्लिट एंड्स से आसानी से छुटकारा पाया जा सकता है। लेकिन इसके कारण आपके बाल काफी छोटे भी हो जाते हैं। अगर आप अपनी हेयर लेंथ व थिकनेस को ऐसे ही बनाए रखना चाहती हैं तो ऐसे में हेयर डस्टिंग करना अच्छा विचार हो सकता है। यह एक ऐसा तरीका है, जिसे अपनाकर आप अपने दोमुंहे बालों की समस्या को भी मैनेज कर सकती हैं और इससे आपको अपने बालों की लेंथ के साथ किसी तरह का समझौता भी नहीं करना पड़ेगा।

### हेयर डस्टिंग क्या है?

हेयर डस्टिंग वास्तव में एक हेयर कटिंग टेक्निक होती है, जिसमें हेयर लेंथ के साथ कोई खास बदलाव किए बिना स्प्लिट एंड्स और डैमेज्ड हेयर को हटाया जाता है। जहां नॉर्मल ट्रिमिंग के दौरान दो से तीन इंच बाल काटे जाते हैं, वहीं हेयर डस्टिंग में केवल बालों के सिरे को ट्रिम किया जाता है। जिससे बालों की लेंथ कम नहीं होती है। डस्टिंग शब्द का उपयोग इसलिए किया जाता है, क्योंकि हटाए गए बाल काफी कम होते हैं।



### हेयर डस्टिंग के फायदे

अगर आप अपने बालों के लिए हेयर डस्टिंग का ऑप्शन चुनती हैं तो इससे आपको कई सारे फायदे मिल सकते हैं। मसलन- रेग्युलर हेयर कट में जहां आपके काफी सारे बाल यूं ही वेस्ट हो जाते हैं, वहीं हेयर डस्टिंग में आपकी हेयर लेंथ पर असर नहीं पड़ता है। हेयर डस्टिंग करवाने से स्प्लिट एंड्स और डैमेज्ड बालों को पहले ही हटा दिया जाता है, जिससे वे बालों के शाफ्ट तक नहीं पहुंचते हैं और इससे बालों के डैमेज या ब्रेकेज की संभावना काफी कम हो जाती है। हेयर डस्टिंग से आपके बाल अधिक हेल्दी नजर आते हैं।

### कार्नर न्यूज

### इस झुलसाती गर्मी में मेंस अपने फैशन का रखें पूरा ध्यान

## गर्मी के इस मौसम में स्टाइलिश दिखने के लिए मेंस अपनाएं लेटेस्ट फैशन

*बेशक, मेन्स को क्या पहनना है या फिर कौन-सा स्टाइल उनपर जचेगा ये बताना थोड़ा कठिन है, लेकिन हम कोशिश तो कर ही सकते हैं। ऐसी ही कोशिश करते रहे हैं फ़ैशन डिज़ाइनर्स, जो लोगों को उनकी सोच के हिसाब से कपड़े डिज़ाइन करने में लगे रहते हैं। कुछ ऐसा जो उनकी पर्सनैलिटी को शूट करे। इसमें भी कोई शक नहीं कि वो कामयाब होते हैं। आईए, जानते हैं इस साल के कुछ ऐसे मेंस फैशन ट्रेंड्स के बारे में जो काफ़ी चर्चा में हैं। इस समर यानी गर्मियों में आपको भी इन्हें ट्राई करना चाहिए।*



**नियॉन शर्ट :** कोरोना काल की समाप्ती की घोषणा के बाद से ही डिज़ाइनर्स नए-नए कपड़े डिज़ाइन करने में लग गए थे। उन्होंने लोगों को चमकीले रंगों के साथ एक्सपेरिमेंट कर लोगों की ज़िंदगी में ब्राइटनेस लाने की कोशिश की। ये हिट भी रही। अब मार्केट में नियॉन शर्ट तेज़ी से बिक रही हैं। बहुत से फ़ैशनेबल मेन्स के वार्डरोब का ये हिस्सा हैं।

**बैगी फ़िट जीन्स :** गर्मियों में लोग खुले कपड़े पहनना पसंद करते हैं, इसलिए बैगी फ़िट जीन्स एक बार फिर से ट्रेंड में है। पहले बैगी जीन्स महिलाएं अधिक पहनती थीं, लेकिन अब मेन्स के बीच में भी ये काफ़ी फ़ेमस हो रहा है। कार्तिक आर्यन, जस्टिन बीबर जैसे स्टार्स भी पहनना पसंद करते हैं।

**रेगुलर फिट टी-शर्ट :** टी-शर्ट भी मेन्स पर ख़ूब जंचती है। समय-समय पर मेन्स ने इन्हें आसानी से कैरी कर ये बताया है। ये बहुत ही आरामदायक होती हैं और गर्मियों में इन्हें आसानी से पहना जा सकता है। लोवी, अमि, डोल्से, गबाना, एट्रो, केंजो और अरमानी जैसे लग्जरी ब्रांड्स ने भी इन्हें अपनाया है।

**स्केलेटन वॉच विद लेदर स्ट्रैप :** क्लासी घड़ियां हर मेन्स पहनना पसंद करते हैं। आजकल भले ही डिजिटल वाच का ज़माना हो, लेकिन पुरानी लेदर स्ट्रैप वाली घड़ियां अभी भी ट्रेंड में हैं। जैसे फ़ास्ट्रैक की ये घड़ी जिसमें मल्टी लेयर स्केलेटन डायल है। इसे ख़ास लेदर के स्ट्रैप में कसा गया है। हाल के केंस फिल्म फेस्टिवल में बहुत से सेलेब्स ये घड़ी पहने दिखाई दिए थे।

**जूते :** जूते के बिना तो आपका लुक अधूरा ही कहलाएगा। इसलिए लेटेस्ट और ट्रेंडी जूते पहनना भी ज़रूरी है। ब्लैक लेदर के डबल मांक मल्स इसमें आपकी हेल्प कर सकते हैं। इन्हें पहनकर आप बहुत ही कूल दिखेंगे। इन्हें आप कैजुअल और फॉर्मल दोनों तरह से पहन सकते हैं।

